दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 29 जयपुर, रविवार, 07 जनवरी, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**DG-IG कॉन्फ्रेंस:** गृह मंत्री अमित शाह व एनएसए अजीत डोभाल भी रहे मौजूद, पीएम ने किया संबोधित

# देश के पुलिस प्रमुखों को दिया फ्रेंडली पुलिसिंग का मंत्र

## दूसरे दिन चार मुद्दों खालिस्तानी आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, नए कानून बनाने और ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर हुई चर्चा

**बेधड़क।** जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी राज्यों के पुलिस प्रमुखों को 'फ्रेंडली पुलिसिंग' का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सभी डीजीपी फ्रेंडली पुलिसिंग के लिए सर्वोच्च प्रयास करें। वहीं, परम्परागत पुलिसिंग के साथ-साथ नवाचार भी करें, जिससे पुलिसिंग में व्यावहारिकता लाई जा सके। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में चल रही देशभर के डीजी, आईजी और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों की कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने ब्रिटिश राज से चले आ रहे कई अव्यावहारिक कानूनों को खत्म करने का ऐतिहासिक काम किया है। शनिवार को कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह, एनएसए अजीत डोभाल भी शामिल हुए। कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से खालिस्तान आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, कानून में बदलाव की जरूरत और ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर



चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस के दौरान मोदी ने हर राज्य के डीजीपी से मुलाकात भी की।

### आतंकवाद खत्म करने पर मांगे सुझाव

कॉन्फ्रेंस में शनिवार को जिन चार मुद्दों पर चर्चा की गई उनमें पहला खालिस्तानी आतंकवाद था। कॉन्फ्रेंस में एनएसए अजीत डोभाल ने खालिस्तानी आतंकवाद को लेकर जानकारियां साझा कीं। खालिस्तानी आतंकवाद को खत्म करने के लिए सभी राज्यों के डीजी से सुझाव मांगे गए। इसके बाद साइबर सुरक्षा पर करीब 3 घंटे चर्चा हुई। इस सेशन में देश के कई बड़े साइबर एक्सपर्ट भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने देश में साइबर सुरक्षा पर किए जा रहे कामों को लेकर जानकारी ली। अगले सेशन में कानूनों को बदलने की जरूरत, सजा और जुर्माना बढ़ाने पर चर्चा की गई। गृह मंत्री अमित शाह सहित कई राज्यों के डीजी ने इस विषय पर अपना पक्ष रखा व गहन विचार विमर्श किया। अंतिम सेशन में ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर करीब दो घंटे चर्चा हुई। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रेजेंटेशन के जरिए मानव तस्करी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इसके मूल कारणों और इसे कैसे रोका जा सकता है, इस पर गहन चर्चा की गई।

### भोजन के दौरान तमाम डीजीपी से की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने दोपहर एक बजे कॉन्फ्रेंस में शामिल डीजी-आईजी के साथ लंच किया। लंच के दौरान मोदी ने सभी से वन-टू-वन संवाद किया। बताया जाता है कि लंच ताज ग्रुप से आया था। इसमें राजस्थानी व्यंजनों को तरजीह दी गई थी। सभी अिधकारियों के साथ लंच शेयर करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न मुद्दों पर हल्के-फुल्के अंदाज में उनका पक्ष जाना।

## प्रदेश में धुंध और ठंड का प्रकोप जारी




# कल से दो दिन मावठ!

### किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें... रबी की फसल पर संकट

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश में लगातार हो रही शीतलहर के प्रकोप से अगले एक-दो दिनों तक राहत मिलने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही। राजधानी जयपुर में लगातार सात दिन से कोहरे का प्रभाव बना हुआ जो पिछले दस साल में पहली बार है। वहीं, बीकानेर और सीकर में पारा जमाव बिंदु तक पहुंच चुका है। दोनों ही जिलों में जबरदस्त शीतलहर चल रही है।

ठंड के चलते यहां जनजीवन ठप हो गया है। लगातार पाला पड़ने से किसानों के लिए भी बड़ी परेशानी खड़ी हो चुकी है, क्योंकि रबी का सीजन चल रहा है। राजस्थान के ज्यादातर जिले अति घने कोहरे की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि कोहरे का असर अभी जारी रहने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जब तक कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं होता, शीतलहर का कहर जारी रहेगा। पश्चिमी राजस्थान और पूर्वी राजस्थान के जिलों में अति घना कोहरा देखने को मिल रहा है, जिससे विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम हो गई है।



### सीकर में 10 डिग्री गिरा अधिकतम तापमान

ज्यादातर जिलों में दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। सीकर में दिन के अधिकतम तापमान में सबसे ज्यादा 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है, जिससे शीतलहर का असर और बढ़ गया है। दिन और रात दोनों ही ठंडे हो गए हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में पूर्वी राजस्थान में बारिश की चेतावनी भी जारी की है। विभाग के अनुसार कोटा, उदयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। प्रदेश में गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, चूरू, जयपुर, धौलपुर, भरतपुर और अलवर में अति घना कोहरा देखने को मिल रहा है।

### जयपुर में बारिश का यलो अलर्ट

राजधानी में शनिवार को भी कई जगह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे और सर्द हवा के कारण जयपुर का न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पिछले 10 साल में ऐसा पहला मौका है जब जयपुर में कोहरे का प्रभाव सात दिन रहा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार तेज सर्दी और कोहरे से रविवार से लोगों को राहत मिल सकती है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के कारण जयपुर में रविवार को मौसम साफ रह सकता है। देर शाम यहां बादल छा सकते हैं। मौसम केन्द्र जयपुर ने 8 और 9 जनवरी के लिए जिले में यलो अलर्ट जारी किया है। इसमें बारिश होने के साथ ओले गिरने की भी संभावना जताई है। इन दो दिनों में पूरे शहर में आसमान में बादल छाए रह सकते हैं।

### बच्चों को स्कूल बुलाया तो की जाएगी कार्रवाई

सर्दी को देखते हुए जयपुर में जिला कलेक्टर की ओर से 8वीं कक्षा तक के बच्चों का 13 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है, लेकिन विभाग को शिकायत मिली है कि कई निजी स्कूल कलेक्टर के आदेश का पालन नहीं कर रहे। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेन्द्र शर्मा हंस और जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक जगदीश मीणा ने आदेश जारी किए हैं कि कलेक्टर की ओर से जारी आदेश का सभी स्कूलों को पालन करना जरूरी है, अगर उन्होंने शीतकालीन अवकाश घोषित नहीं किया तो ऐसे स्कूलों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने दिए निर्देश

# प्री-बजट की जगह पेश होगा वोट ऑन अकाउंट

## ■ केंद्रीय बजट के बाद आएगा राज्य का पूर्ण बजट

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश में भजन लाल सरकार प्री बजट पेश नहीं करेगी। इस बार विधानसभा में वोट ऑन अकाउंट पेश किया जाएगा और फिर केन्द्रीय बजट आने के बाद राज्य का पूर्ण बजट प्रस्तुत होगा। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शनिवार को अपने आवंटित सभी विभागों की समीक्षा बैठक ली। वित्त मंत्री के तौर पर शनिवार को वित्त विभाग की बैठक लेते हुए दीया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस वर्ष लोकसभा चुनावों के कारण राज्य विधानसभा में वोट-ऑन-अकाउंट पेश किया जाएगा। बाद में केन्द्रीय बजट आने के बाद राज्य का पूर्ण बजट प्रस्तुत किया जाएगा।



### लोकसभा चुनाव के कारण लिया निर्णय

दरअसल विभागों के आवंटन के साथ उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शनिवार को मैराथन बैठकों की शुरुआत वित्त विभाग से की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के कारण इस वर्ष राज्य विधानसभा में वोट-ऑन-अकाउंट पेश किया जाएगा और फिर केन्द्रीय बजट आने के बाद राज्य का पूर्ण बजट विधानसभा में पेश होगा। बैठक में राजस्थान की वित्तीय स्थिति को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने राज्य की वित्तीय स्थिति, राजस्व और विभिन्न योजनाओं पर होने वाले खर्च की विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से जनता तक पहुंचाने का सरकार का लक्ष्य है।

### कांग्रेस के हजारों कार्यकर्ता करेंगे रामलला के दर्शन

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस की यूपी जोड़ो यात्रा आज शनिवार को समाप्त हुई है। इसी बीच कांग्रेस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय 15 जनवरी को अयोध्या जाएंगे और उनके साथ हजारों कार्यकर्ता भी अयोध्या धाम जाएंगे। कांग्रेस नेता सरयू में स्नान करेंगे और रामलला का आशीर्वाद लेंगे। वहीं अविनाश पांडे और अजय राय के साथ वर्तमान विधायक पूर्व सांसद पूर्व विधायक पार्टी के सभी पदाधिकारी भी अयोध्या जाएंगे।

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

# चुनाव समिति में गहलोत और पायलट भी शामिल

**बेधड़क।** जयपुर

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। वहीं कई राज्यों में पार्टी ने चुनाव समिति का गठन कर दिया है। राजस्थान की समिति में अशोक गहलोत, सचिन पायलट समेत कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। लिस्ट में गोविंद सिंह डोटासरा, अशोक गहलोत, सचिन पायलट, जितेंद्र सिंह, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, मोहन प्रकाश, हरीश चौधरी, रामलाल जाट, सीपी जोशी, प्रमोद जैन भाया, प्रतापसिंह खाचरियावास, ममता भूपेश, भजनलाल जाटव, मुरारी लाल मीणा, अशोक चांदना, नीरज डांगी, जुबेर खान, धीरज गुर्जर, राजकुमार शर्मा, रोहित बोहरा, इंद्रा मीणा, डूंगर राम गेदार, शिमला देवी नायक और ललित यादव का नाम भी लिस्ट में शामिल हैं।

### प्रचार समिति भी गठित

इसके अलावा कांग्रेस ने प्रचार समित का भी गठन कर दिया है। वरुण संतोष, गोकुल बुटेल, नवीन शर्मा और कैप्टन अरविंद कुमार संगठनात्मक वार रूम में उपाध्यक्ष होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आगामी लोकसभा आम चुनाव के लिए प्रचार समिति का गठन किया है, जिसके संयोजक पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन होंगे।

## जरूरी खबर

### आदित्य एल-1 की सफलता पर CM ने दी इसरो को बधाई



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सूर्य मिशन-आदित्य एल-1 के अपने लक्ष्य तक पहुंचने पर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश को इसरो की इस महान उपलब्धि पर गर्व है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। शर्मा ने कहा कि यह वैज्ञानिकों की मेहनत का परिणाम है कि देश की प्रथम सौर वेधशाला की सफलतापूर्वक अपने लक्षित स्थान पर स्थापना हुई है। इससे सूर्य से जुड़े कई अनछुए तथ्य सामने आएंगे एवं मानवता के हित में विज्ञान का दायरा बढ़ेगा।

-पेज 8 भी देखें

### DGCA ने विमानों के निरीक्षण के दिए निर्देश



**नई दिल्ली।** भारतीय विमानन नियामक ने शनिवार को सभी भारतीय हवाई ऑपरेटरों को अपने-अपने बोइंग 737-8 मैक्स विमानों पर इमरजेंसी एग्जिट का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। यह फैसला अलास्का एयरलाइंस की फ्लाइट के उड़ान भरने के तुरंत बाद हुए हादसे के मद्देनजर लिया गया है। अलास्का एयरलाइंस की फ्लाइट शुक्रवार को ओरेगॉन के पोर्टलैंड से उड़ान भरने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग के लिए हवाई अड्डे पर लौट आई थी। इस फ्लाइट में 171 यात्री और चालक दल के छह सदस्यों के साथ सवार थे। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान का दरवाजा हवा में उड़ गया था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार



अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 72 अधिकारियों के तबादले

# जयपुर की शहरी सरकार की कमान रुक्मणि रियार और सुराणा के हाथ

- सिद्धार्थ सिहाग मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव नियुक्त
- रियार को नगर निगम ग्रेटर और अभिषेक सुराणा को हेरिटेज का जिम्मा
- भाजपा सरकार ने 32 जिला कलेक्टर किए इधर-उधर

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश में मंत्रिपरिषद ने विभागों के बंटवारे के बाद शुक्रवार देर रात सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 72 आईएएस और 121 आरएएस अधिकारियों के ट्रांसफर के आदेश जारी किए। कार्मिक विभाग के नोटिफिकेशन के अनुसार 32 जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं।

तबादलों के बाद प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे में बड़ा बदलाव आया है। सरकार ने कई जिलों के कलेक्टर बदलने के साथ साथ बड़े विभागों के सचिव, आयुक्त, शासन सचिव में फेर बदल किया गया है। आदेश के अनुसार अभिषेक सुराणा को नगर निगम हेरिटेज आयुक्त व स्मार्ट सिटी व रुक्मणि रियार को नगर निगम ग्रेटर के कमिश्नर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

-पेज 4 भी देखें



रुक्मणि रियार



अभिषेक सुराणा

### इन आईएएस अधिकारियों के हुए तबादले

भारतीय प्रशासनिक सेवा के विश्वमोहन शर्मा को आयुक्त, मिड-डे मिल जयपुर, ओम प्रकाश बुनकर को आयुक्त महिला अधिकारिता तथा पंचायतीराज विभाग-जयपुर, राजेंद्र सिंह शेखावत को सचिव राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग, राजेंद्र विजय को विशिष्ट शासन सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, प्रकाश चंद शर्मा को कार्यकारी निदेशक राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज और रुडसिको एवं परियोजना निदेशक राजस्थान शहरी आधारभूत विकास परियोजना, नरेंद्र गुप्ता को विशिष्ट शासन सचिव राजस्व विभग, अनिल कुमार अग्रवाल को आयुक्त विभागीय जांच जयपुर, सिद्धार्थ सिहाग को संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री, हिमांशु गुप्ता को आयुक्त उद्योग वाणिज्य एव कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी एवं आयुक्त निवेश संवर्धन ब्यूरो, अविचल चतुर्वेदी को राज्य परियोजन निदेशक समग्र शिक्षा अभियान, महावीर प्रसाद मीणा को प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य बुनकर संघ लिमिटेड, सुरेश कुमार ओला को आयुक्त संस्कृत शिक्षा विभाग, बाबूलाल गोयल को निदेशक स्वच्छ भारत मिशन, बचनेश कुमार अग्रवाल को संयुक्त सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं मिशन निदेशक जेजेएम, वासुदेव मालावत को अतिरिक्त आयुक्त उद्योग संवर्धन ब्यूरो, सौरभ स्वामी को अध्यक्ष एव प्रबंध निदेशक राजस्थान हथकर्घा विकास निगम निगम, ओम प्रकाश बैरवा को आयुक्त विभागीय जांच जयपुर, जसमीत सिंह संधू को संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी, कनिष्क कटारिया को संयुक्त शासन सचिव कार्मिक विभाग लगाया गया है। वहीं, कन्हैया लाल स्वामी को आयुक्त कृषि एव पंचायती राज विभाग के साथ प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य भंडारण निगम का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

### एक और सूची जल्द होगी जारी!

भाजपा सरकार अब प्रशासनिक अधिकारियों की एक और सूची जल्द जारी करेगी। सचिवालय में लगे आईएएस अफसरों को इधर से उधर किया जाएगा। इसके साथ ही सरकार कई संभागीय आयुक्त भी बदल सकती है। सूत्रों के अनुसार आईएएस सूची के बाद सरकार आईपीएस की ट्रांसफर लिस्ट भी जल्द ही जारी करेगी, जिसमें कई जिलों के एसपी के साथ रेंज आईजी के भी ट्रांसफर होंगे। वहीं पुलिस को नया मुखिया मिल सकता हैं। सूत्रों के अनुसार पीएचक्यू में भी कई आईपीएस को इधर-उधर किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### भारतीय मानक ब्यूरो का स्थापना दिवस मनाया




**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से 77वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सीएमडी अजिताभ शर्मा और सीपीडब्लूडी के चीफ इंजिनियर एन के बंसल और भारतीय मानक ब्यूरो के निदेशक एवं प्रमुख कनिका कालिया ने की। समारोह में राज्य के प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधियों को उनकी गुणवत्ता के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### स्टोन मार्ट में दिखेगी पत्थरों की नायाब दुनिया

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान में खनिज पत्थर, स्टोन इंडस्ट्री और इस सेक्टर से जुड़े उद्यमियों, आर्किटेक्चर, कारोबारियों के लिए जेईसीसी में 1 से 4 फरवरी तक इंडिया स्टोनमार्ट-2024 का आयोजन किया जाएगा। इसमें पत्थरों की नायाब दुनियां देखने को मिलेगी। स्टोनमार्ट के सफल आयोजन को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। इसमें मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि इस आयोजन को आकर्षक बनाने का प्रयास करें ताकि अधिक से अधिक लोग इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में शामिल हों। उन्होंने उद्यमियों, बायर्स एंड सेलर्स आदि के लिए तमाम आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### डिप्टी सीएम बैरवा ने किए रामचन्द्रजी मंदिर में दर्शन



**बेधड़क, जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शनिवार को चांदपोल स्थित ठिकाना मंदिर रामचन्द्रजी पहुंचकर दर्शन किए। बैरवा ने अलौकिक छप्पन भोग महाप्रसाद झांकी से सजाए गए रामदरबार के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिकता को अपनाने व उसका अनुसरण करने से मानव जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन से हम सभी को त्याग, समर्पण, प्रेम, सत्य, जैसे गुणों को सीखना चाहिए। उन्होंने मंदिर परिसर की भव्यता और अलौकिकता पर महंत नरेन्द्र तिवारी से चर्चा की।

**अब जनता की सेवा में तत्पर:** विधिवत पूजा-अर्चना के बाद नए मंत्रियों ने शासन सचिवालय में ग्रहण किया पदभार

# मंत्रियों ने संभाली कुर्सी, जनहित के कार्यों को देंगे प्राथमिकता

**बेधड़क** | जयपुर

विभागों के बंटवारे के बाद भजनलाल सरकार के कई मंत्रियों ने शनिवार को सचिवालय में पदभार ग्रहण किया। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों का कामकाज संभाला।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, शिक्षा और संस्कृत मंत्री वासुदेव देवनानी ने अधिकारयों के साथ चर्चा की और जनता के काम को प्रमुखता से पूरा करने के निर्देश भी दिए। मंत्रियों ने अधिकारियों को सौ दिन की कार्य योजना बनाकर काम करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद मंत्री गहलोत ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने अनुप्रति योजना, घुमन्तु जाति के लिए आधार कार्ड, ब्लॉक लेवल पर विभाग के कार्यालय, रिक्त पदों को भरने के संबंध मे, पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति एवं अन्य योजनाओं के संबंध मे विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विशेष योग्यजन आयुक्त एच. गुईटें, निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जगजीत सिंह मोगा तथा प्रबंध संचालक अनुसूचित जाति विकास निगमराजेश वर्मा मौजूद रहे।

### सत्यनिष्ठा से निभाएंगे जिम्मेदारी: मीणा



प्रदेश के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि 20 साल पहले इसी चेम्बर में कार्यभार संभाला था। मैंने गांव में किसान के घर जन्म लिया। संयोग से मुझे कृषि और ग्रामीण विकास विभाग मिल गया। इस पर मेरी कोई नाराजगी नहीं है। शुक्रवार को विभाग का बंटवारा हुआ। आज मैंने कार्यभार संभाल लिया। जो जिम्मेदारी पार्टी ने दी है, उसे सत्य निष्ठा से निभाएंगे।

### संवेदनशीलता के साथ करें काम: गजेन्द्र सिंह

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने भी शनिवार को सचिवालय स्थित अपने कक्ष में विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने उन्हें बधाई दी। कार्यभार ग्रहण के बाद खींवसर स्वास्थ्य भवन पहुंचे और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जनसेवा से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण विभाग है। सभी अधिकारी-कार्मिक मानवीय एवं संवेदनशील एप्रोच के साथ काम करते हुए स्वस्थ एवं समृद्ध राजस्थान का संकल्प साकार करें। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों एवं महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले। उन्होंने कहा कि मानव सेवा का इससे बड़ा कोई और माध्यम



नहीं है। इस अवसर पर राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी की सीईओ शुचि त्यागी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त शिवप्रसाद नकाते, आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल, राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी मयंक मनीष, अति. मिशन निदेशक एनएचएम प्रियंका गोस्वामी, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रविप्रकाश माथुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**स्कूली शिक्षा विभाग को** मिला नया 'मुखिया'

# प्रदेश के स्कूलों में लागू करेंगे नई शिक्षा नीति: मदन दिलावर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के शिक्षा और संस्कृत विभाग को शुक्रवार को मंत्रियो के विभाग बंटवारे के साथ एक नया मुखिया मिल गया।

विद्यालयी शिक्षा विभाग के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को सचिवालय में पदभार ग्रहण किया। मदन दिलावर ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार की योजनाओं की समीक्षा करेंगे। मंत्री दिलावर से नई शिक्षा नीति, तबादले, परीक्षाओं को लेकर खास बातचीत की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ के विद्यार्थी विद्यालयों से जुड़े हुए हैं। उन्हें गुणवत्तापूर्णशिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी है। कोशिश यह करेंगे कि शिक्षा में संस्कारों में समाहित हों। देश में नई शिक्षा नीति लागू हो गई है। इसे भी प्रदेश की स्कूलों में धीरे-धीरे लागू करने की कोशिश करेंगे। ताकि एनईपी में पढ़ा हुआ छात्र अगर किसी हालत में 12 वीं पास करके भी छोड़ दे तो उन्हें बेरोजगारी नहीं देखनी पड़े। शिक्षा और संस्कृत विभाग मंत्री से बातचीत के कुछ अंश।

### तबादलों को लेकर पीएम मोदी के निर्देशों की होगी पालना

**प्रश्न** - पिछली सरकार की कमिया कैसे दूर करेंगे?

**जवाब:** आज तो कार्यभार संभाला है। जनहित और छात्रहित में जो होगा उसे लागू करेंगे। एक्सपर्ट के साथ बैठेंगे। जो गलत पढ़ाया जा रहा होगा उस पर पुनर्विचार करेंगे। हमारी सरकार दोबारा से सिलेबस की समीक्षा करेगी, क्योंकि यदि दो और दो पांच बिल्कुल गलत होगा। इसे बदलना बहुत जरूरी है।

**प्रश्न** - पेपर लीक पर कैसे लगाम लगाएंगे?

**जवाब:** मुख्यमंत्री ने एसआईटी का गठन कर दिया है। जो तथ्य आएंगे उसको लेकर कार्रवाई करेंगे।

**प्रश्न** - थर्ड ग्रेड तबादले पिछले 5 साल से नहीं हुए। कब होंगे ?

**जवाब:** पीएम मोदी ने तबादलों को लेकर निर्देश दिए हैं। उनके निर्देशों की अक्षरशः पालना होगी। राजस्थान में फिलहाल परीक्षाएं चल रही हैं। ऐसे में ट्रांसफर अभी नहीं होंगे। लेकिन अब ट्रांसफर पर किसी तरह का बैन भी नहीं है।



**प्रश्न** - तबादलों में डिजायर सिस्टम क्या बंद करेंगे ?

**जवाब:** प्रधानमंत्री ने जो दिशा निर्देश दिए हैं उसकी पालना की जाएगी। तबादलों में डिजायर सिस्टम और जो भी परिवर्तन होंगे वो लागू किए जाएंगे।

**प्रश्न**- महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल बंद करेंगे ?

**जवाब:** इसका अध्ययन करेंगे। यह उपयोगी है या नहीं हैं। जहा पढ़ाने वाले ही नहीं हैं तो वहां इसका कोई उपयोग नहीं। एनईपी लागू होने बाद अब कक्षा 1 से 5 तक मातृभाषा पढ़ाने का प्रावधान हैं। उसका अध्ययन करके धीरे-धीरे एनईपी लागू करेंगे।

**प्रश्न**- संस्कृत शिक्षा के स्कूलों के साथ पिछली सरकार में भेदभाव ?

**जवाब:** सामान्य सभी स्कूलों को उच्च माध्यमिक कर दिया गया है। अब संस्कृत स्कूलों को लेकर भी विचार-विमर्श कर उचित फैसला लेंगे। हम शिक्षा में प्रोत्साहन देने का काम करेंगे।

**प्रश्न**- संस्कृत शिक्षा विभाग को लेकर क्या कार्ययोजना रहेगी ?

**जवाब:** संस्कृत हमारी देववाणी है। डेपार्टमेंट को आज देख रहे हैं। एक्सपर्ट से सुझाव और विचार विमर्श करेंगे। इसके संवर्धन और विकास को लेकर रिचर्स कर फैसला लेंगे।

**खाद्य मंत्री से 'सच बेधड़क'** की बातचीत

# पार्टी के 'अंत्योदय संकल्प' को करेंगे पूरा: सुमित गोदारा

**बेधड़क** | जयपुर

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शनिवार को सचिवालय में पदभार संभाला। गोदारा ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद मंत्री गोदारा ने सच बेधड़क से विशेष बातचीत की। उनसे पूछा गया कि विभाग में उनकी क्या प्राथमिकता रहेगी। इस बार क्या कुछ नया करने वाले हैं, क्या रणनीति रहने वाली है। पेश है बातचीत के प्रमुख अंश।

**सवाल:** बतौर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री क्या प्राथमिकता रहेगी ?

**जवाब:** सबसे पहले केंद्र और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार, जिन्होंने मुझे इस जिम्मेदारी के लायक समझा। मेरा प्रयास रहेगा की जो भारतीय जनता पार्टी का अंत्योदय का संकल्प है, जो वंचित हैं उनको खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिले और जो वंचित रह गए उनको इस सूची में जोड़ा जाए। यही हमारा प्रयास रहेगा।

**सवाल:** पिछली योजनाएं चलेंगी या कुछ नई रणनीति अपनाएंगे

**जवाब:** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभाग में कार्रवाई करने का उचित



प्रयास रहेगा। हमारा तो यही प्रयास रहेगा कि आमजन के हित में जो काम होंगे उन्हें प्राथमिकता से पूरा करेंगे।

**सवाल:** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्या उत्साह है ?

**जवाब:** प्रदेश में नहीं पूरे भारत वर्ष में इस कार्यक्रम का उत्साह देखने को मिल रहा है। उसका नतीजा आपको लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी है जो है कार्य करके दिखाया है।

**सवाल:** आपके विधानसभा में क्या कुछ करने की योजना है

**जवाब:** यह पहली बार है जब मेरे विधानसभा क्षेत्र लूणकरणसर में पहली बार भारतीय जनता पार्टी का विधायक है। ऐसे में मेरा भी धर्म और कर्म है कि मैं वहां के ज्यादा से ज्यादा से कार्य कर सकूं। इसके लिए मैंने कार्य भी प्रारंभ कर दिए हैं जो मुख्य समस्या है उनके निस्तारण का प्रयास रहेगा।

**जयपुर रेलवे स्टेशन के बाहर** स्टाल पर खुद बनाई चाय

# सिविल लाइंस विधायक शर्मा ने लोगों को पिलाई नमो चाय

**बेधड़क** | जयपुर

सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा ने शनिवार को रेलवे स्टेशन के बाहर लोगों को अपने हाथों से बनाकर नमो चाय पिलाई। इस दौरान विधायक शर्मा ने लोगों से चाय पर चर्चा भी की।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का गुलाबी नगरी में स्वागत करते हुए कहा कि चाय बनाने का एक साधारण काम करने वाले ने देश चलाने का असाधारण काम भी बखूबी करके दिखाया है। आज माता-बहनों के चेहरे पर जो खुशी



दिखाई दे रही है, ये 2024 में भाजपा के 400 के पार जाने की खुशी है जो अभी से दिखाई दे रही है। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा ने खुद चाय बनाई और लोगों को वितरित की। भाजपा बनी पार्क मंडल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष व स्थानीय पार्षदों ने भी विधायक का इस काम में सहयोग किया।

**आरपीएससी की ओर से आज** तीन परीक्षा होंगी आयोजित

# सुरक्षा को लेकर कई जिलों में नेटबंदी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार की रविवार को अग्नि परीक्षा होगी। आरपीएससी द्वारा आयोजित रविवार को सहायक आचार्य, पुस्तकालय अध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक की परीक्षा में नकल माफिया को रोकना सरकार की सबसे बड़ी चुनौती होगी।

परीक्षा आयोजन को लेकर आरपीएससी, जिला प्रशासन, पुलिस और एसआईटी ने विशेष तैयारी पूरी कर ली हैं। परीक्षा अजमेर, भरतपुर, जयपुर, जोधपुर, कोटा व उदयपुर जिला मुख्यालय पर दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होगी। एग्जाम की गोपनीयता को देखते हुए




अजमेर, कोटा, जोधपुर में 3 घंटे इंटरनेट बंद रहेगा। इसके साथ ही आरपीएससी के 300 मीटर क्षेत्र में 144 लागू की गई है।

पेपर लीक के संबंध में गठित एसआईटी के प्रमुख एवं एटीएस व एसओजी के एडीजी वी के सिंह ने बताया कि रविवार को आयोजित की जाने वाली परीक्षा में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी की संभावना को रोकने के साथ ही परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। फ्लाइंग स्क्वाड भी समय-समय पर विजिट करेंगे। प्रश्नपत्र स्टोर एवं वितरण, परीक्षा केंद्र पर पुलिस कार्मिकों एवं फ्लाइंग स्क्वॉड के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन परीक्षाओं के प्रश्न पत्र नियत स्थान तक पहुंचाने के दौरान समुचित पुलिस समुचित पुलिस व्यवस्था की गई है। इस दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग भी करवाई जाएगी।

स्ट्रांग रूम की प्रश्न प्राप्ति से लेकर परीक्षा समाप्ति के बाद सील्ड पैकेट को आयोग भेजे जाने तक की अवधि तक सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। इसके लिए एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। एडीजी सिंह ने बताया कि आरपीएससी ने यह प्रबंध किया है कि प्रश्न पत्र सील्ड कंडीशन में अभ्यर्थी को मिले। प्रत्येक अभ्यर्थी को एक सील्ड प्रश्न पत्र दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान वही उसे खोलेगा।

**उपमुख्यमंत्री ने ली विभागों की समीक्षा बैठक**

# कार्य की गुणवत्ता के साथ न हो कोई समझौता: दीया

**बेधड़क** | जयपुर

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि विभागों के कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझोता नहीं होना चाहिए और गुणवत्ता खराब करने वालों पर सख्त कर्रवाई होनी चाहिए।

यह बात उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शनिवार को सचिवालय में आयोजित वित्त, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और पर्यटन, कला एवं सस्कृति विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में राजस्थान की



वित्तीय स्थिति को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने राज्य की वित्तीय स्थिति, राजस्व और विभिन्न योजनाओं पर होने वाले खर्च की विस्तार से जानकारी ली। वहीं अधिकारियों को राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ साथ योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से जनता तक पहुंचाने का सरकार का लक्ष्य है। सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों की गुणवत्ता खराब होने की शिकायत नहीं आनी चाहिए। पांच वर्ष की गारंटी अवधि में सड़क खराब हो तो जिस ठेकेदार ने सड़क का निर्माण किया है, उससे उसकी रिपेयर करवाना सुनिश्चित करें। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दीया कुमारी ने कहा कि नौनिहालों को ताजा और पौष्टिक आहार पूर्ण पारदर्शिता से मिलना चाहिए।

उन्होंने विद्यालयों में बालिकाओं के लिए सुरक्षा जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर ही अगर बालिकाएं सशक्त और जागरूक कर दिया जाए और उन्हें आत्मरक्षा में निपुण बना दिया जाए तो महिला अपराधों को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। पर्यटन विभाग अधिकारियो को अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने की क्षमता की दिशा में काम करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि हम पर्यटन सीजन के अलावा ऑफ सीजन के लिए भी योजना बनाए ताकि हम उस समय में ज्यादा पर्यटकों को बुला सके। उन्होंने इसके लिए कुछ विशेष उत्सव आयोजित करने एवं ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

**मतदान केंद्रों पर चलेगा** विशेष अभियान

# मतदाता सूची में 22 तक नाम जुड़वा सकेंगे वोटर

**बेधड़क** | जयपुर

निर्वाचन विभाग की ओर से शनिवार को प्रदेश की 199 विधानसभा क्षेत्रों के 51,507 मतदान केंद्रों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया। इसमें करणपुर विधानसभा सीट को छोड़ दिया गया। इसकी मतदाता सूची बाद में जारी की जाएगी।

साथ ही राज्य की पुर्नगठित मतदान केन्द्रों की नवीन सूची भी विभाग की वेबसाइट पर जारी की गई है। इसके बाद अब नए वोटर 22 जनवरी तक मतदाता सूचियों में नाम जुड़वा सकेंगे। इसके लिए रविवार को और इसके बाद 21 जनवरी को मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। निर्वाचन आयोग से जारी शेड्यूल के मुताबिक जो व्यक्ति 1 अक्टूबर 2024 तक 18 साल पूरे करने वाले हैं, उनका नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने का काम भी किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 22 जनवरी तक आने वाले आवेदनों का निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद 2 फरवरी तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### ‘राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा’ के लिए कलशयात्रा आज



**जयपुर।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर रानी सती नगर से जेडीए कॉलोनी दशहरा मैदान पालड़ी मीणा आगरा रोड पर रविवार को कलश यात्रा निकाली जाएगी। संयुक्त कॉलोनी विकास समिति पूरानी चुंगी दक्षिणी, जयपुर के अध्यक्ष कैलाशचंद्र शर्मा ने बताया कि सुबह 9 बजे से 11 बजे तक निकलने वाली कलश यात्रा में लगभग 751 महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल होंगी।

### DAC ने लॉन्च किया न्यू ईयर का कैलेंडर



**जयपुर।** ड्रीम अचीवर्स क्लब के सदस्यों ने शनिवार को अजमेर रोड स्थित एनएचएट रेस्टोरेंट में न्यू ईयर सेलिब्रेशन किया। कार्यक्रम में शामिल 30 मैंबर्स का स्वागत प्रेरणा मंगल ने टीका लगाकर एंट्री गिफ्ट और रेड रोज देकर किया। क्लब की फाउंडर प्रीति गोयल ने अपनी टीम के साथ मिलकर नए साल का कैलेंडर लॉन्च किया। उन्होंने गत वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के साथ-साथ आगामी वर्ष की रूपरेखा तैयार की। क्लब की प्रेसिडेंट मीनाक्षी जैन व वाइस प्रेसिडेंट शिल्पा अग्रवाल ने बताया कार्यक्रम के दौरान कल्चरल सेक्रेटरी रुचि टिक्किवाल व ज्वाइंट सेक्रेट्री मीना सैनी ने सभी को आकर्षक गेम खिलाए। लक्की ड्रॉ के गिफ्ट क्लब की एक्जीक्यूटिव मेंबर नीरू दहाल द्वारा दिए गए।

**सब्जी मंडी में सौम्या गुर्जर ने बांटे कपड़े के बैग,** विक्रेता बोले- हम पर कार्रवाई के बजाय फैक्ट्रियों में प्रोडक्शन पर लगाएं रोक

# बाहर मेयर समझा रही थीं, अंदर पॉलिथिन में बिक रही थी सब्जी

बेधड़क | जयपुर

सिंगल यूज प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने के संदेश देने के साथ ही ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने शनिवार को लालकोठी सब्जी मंडी में आमजन को कपड़े के बैग बांटे। मजे की बात यह रही कि जिस वक्त मंडी के बाहर मेयर प्लास्टिक के नुकसान बता रही थी, उसी दौरान मंडी में विक्रेता प्लास्टिक की थैलियों में सब्जियां बेच रहे थे। उधर, विक्रेताओं ने महापौर की पहल की प्रशंसा तो की, लेकिन साथ ही मांग भी उठाई कि निगम हम पर कार्रवाई के बजाए फैक्ट्रियों में प्रोडक्शन पर रोक लगाए।



### निगम दस्ते को देख मचा हड़कंप

मंडी के ण्सब्जी विक्रेताओं में निगम दस्ते को देखकर हड़कंप मच गया। विक्रेता अपने पास रखी थैलियों के बंडल को छिपाने में लग गए, लेकिन जब दस्ते में शामिल लोगों ने कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन दिया तो विक्रेता फिर से प्लास्टिक थैली में ही सब्जी बेचने लग गए। वहीं, महापौर के आने पर सब्जी विक्रेता भी कपड़े का थैला लेने लाइन में लग गए।

### गरीबों को परेशान न करें, ‘बड़ों’ को पकड़ें

मंडी के बाहर सब्जी बेच रही गीता देवी ने बताया कि निगम वाले हमें बेवजह परेशान कर रहे हैं। हम अपनी मर्जी से प्लास्टिक थैली में सब्जी नहीं बेचते। सरकार फैक्टियों में इसके निर्माण पर ही कार्रवाई करें तो ये अपने आप बंद हो जाएंगी। हम गरीबों को क्यों परेशान किया जा रहा है। निगम वाले रोज आकर हमारा चालान कर जाते हैं। वहीं, बापू नगर से सब्जी खरीदने आए राधेश्याम नाटानी ने कहा कि सरकार को सख्ती से कार्रवाई करनी होगी। इसके निर्माण पर ही पाबंदी लगानी होगी। जब ही लोग कपड़े के थेले का उपयोग करेंगे। इसके लेकर बड़े स्तर पर निर्णय करना होगा।

### महापौर के दौरे पर ही सफाई व बनती है रंगोली!

सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि मंडी परिसर में प्रतिदिन साफ-सफाई नहीं होती है। शनिवार को महापौर के आने पर तीन दिन बाद कचरा उठा है। कचरा नहीं उठने के कारण मंडी में दुर्गंध फेली रहती है। वहीं, पार्किंग की सही व्यवस्था नहीं होने से भी लोग परेशान रहते हैं।

**UDH मंत्री खर्रा और सांसद बोहरा ने** शिविरों में लाभार्थियों से किया संवाद

# योजनाओं के फायदे बताए, केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई

बेधड़क | जयपुर

केंद्र सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए जा विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में सरकार के मंत्री और सांसद आमजन बीच पहुंच रहे हैं। शनिवार को झोटवाड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मंत्री खर्रा ने शिविर का अवलोकन किया और लाभार्थियों से योजनाओं के बारे में चर्चा की। इस दौरान उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ भी उनके साथ रहे। मंत्री राठौड़ ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए लोगों को योजनाओं के फायदे बताए।

नगर निगम जयपुर हेरिटेज क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन जलेब चौक में किया गया। शिविर में सांसद राम चरण बोहरा, हवामहल विधायक बालमुकदांचार्य और महापौर मुनेश गुर्जर शामिल रहे। वहीं, सांसद बोहरा ने लाभार्थियों को उज्जवला गेस योजना में लाभथियों को गैस किट भी बांटी। इस दौरान विधायक बालमुकुंदाचार्य ने आमजन से शिविर में अधिक सं अधिक पंजीयन कराने की अपील की। महापौर ने बताया कि आने वाले दिनों में शिविर वार्ड के हिसाब से भी लगाए जाएंगे।





### आयुष्मान कार्ड से देश भर में इलाज

मंत्री खर्रा ने कहा कि आयुष्मान कार्ड के जरिए लाभार्थी राजस्थान ही नहीं, देश के किसी भी राज्य में जाकर उपचार करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 77 वर्ष का समय हो गया है। उसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत की संकल्पना की है। वर्ष 2047 में जब हम आजादी के 100 वर्ष पूरे करें, तो देश विकसित श्रेणी में खड़ा हो।

### योजनाओं की जानकारी दी और कराया पंजीकरण

झोटवाड़ा जोन के चित्रकूट स्टेडियम में आयोजित शिविर में मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी और मौके पर ही लोगों का पंजीकरण कराया। उन्होंने नगर निगम ग्रेटर के सहयोग से आयोजित शिविर में आमजन को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, शिविर में आए लोगों ने आयुष्मान योजना, उज्जवला योजना, स्वनिधि योजनाओं में लोगों का पंजीयन कराया। इस मौके पर उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि मोदी सरकार उज्जवला के लाभार्थियों को 450 रुपए में सिलेंडर दे रही है। मोदी सरकार की पीएम स्वनिधि योजना में छोटे व्यापारी लाभ ले सकते हैं, उन्हें 10-20 हजार रुपए से लेकर छोटे रोजगार खोलने के लिए बहुत कम दरों पर लोन मिल रहा है।

**एसओजी की बड़ी कार्रवाई**

# पेपरलीक केस में तीन साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर



कनिष्ठ अभियंता भर्ती-2020 के पेपरलीक केस में फरार चल रहे एक आरोपी को शनिवार को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया। 6 दिसंबर 2020 को आयोजित कनिष्ठ अभियंता भर्ती-2020 का पेपर परीक्षा से पहले लीक करने के बारे में सांगानेर थाने में एक एफआईआर दर्ज की गई थी, इसकी जांच एसओजी कर रही थी। इस मामले में घटना के बाद से ही आरोपी यशपाल चौधरी (38) पुत्र लक्ष्मीनारायण चौधरी निवासी पीपलावाली, ढाणी भोजपुरा कलां थाना जोबनेर (जयपुर) फरार चल रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर एसओजी ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एडीजी एसओजी-एटीएस वीके सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपी यशपाल चौधरी ने बताया कि उसने पूर्व में गिरफ्तार मुकेश बाना और बलबीर सुंडा से परीक्षा पूर्व पेपर लिया था। पेपर लेने के बाद आरोपी ने इस पेपर को और किन-किन को बेचा या दिया इस पर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के पास कई अहम जानकारियां हैं, जिससे आने वाले समय में और भी गिरफ्तारियां होंगी। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। आगे की पूछताछ के लिए आरोपी यशपाल को घटनास्थलों पर भी लेकर पुलिस टीम जाएगी। पेपर लीक प्रकरण में एसओजी अब तक 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि अन्य की तलाश में पुलिस टीम लगातार काम कर रही है।

### छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी को पकड़ा

**जयपुर।** कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ करने के मामले में प्रताप नगर थाना पुलिस ने ई-रिक्शा ड्राइवर संजय चावला (30) निवासी सेक्टर-26 को गिरफ्तार किया है। आरोपी ई-रिक्शा ड्राइवर पीछा कर कॉलेज छात्रा को बीच रास्ते में रोककर गंदी हरकत करता था। विरोध करने पर धमकी देकर आरोपी भाग निकला था। आरोपी के खिलाफ उदयपुर निवासी 20 साल की युवती ने मामला दर्ज कराया था।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**एंबेसडर कार्यशाला में** बोले सीपी जोशी...

# विकसित भारत के कर्णधार होंगे युवा

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। वे विकसित भारत एंबेसडर बनकर केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत बनाने में कर्णधार सिद्ध होंगे। वे शनिवार को प्रदेश कार्यालय में भाजयुमो द्वारा आयोजित विकसित भारत एंबेसडर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।



इस दौरान उन्होंने भाजयुमो के कार्यकर्ताओं को नमो ऐप डाउनलोड करवा कर विकसित भारत एंबेसडर बनाया। सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं सहित देश के सभी वर्ग के उत्थान और विकसित भारत के लिए अपनी योजनाओं द्वारा उत्तम कार्य कर रही है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण सिंह बगड़ी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, आईटी विभाग के सहसंयोजक नरेंद्र कटारा, भाजयुमो शहर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जयपुर जिला प्रभारी नरेश बंसल सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नई दिल्ली में 11 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी** सम्मानित

# हेरिटेज को मिलेगा ‘स्वच्छता सम्मान’

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज ने स्वच्छ शहरों की सूची में अपना स्थान बनाया है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में हेरिटेज की 26वीं रैंक आई है। इसके लिए आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली के भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नगर निगम हेरिटेज को सम्मानित करेंगी। महापौर मुनेश गुर्जर, आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत, उपायुक्त स्वास्थ्य



नूर मोहम्मद और एमआईएस कम एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मोहित कुमार बैरवा यह सम्मान ग्रहण करने दिल्ली जाएंगे।

महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि यह पुरस्कार स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया जा रहा है। इस सर्वेक्षण में शहर की सफाई व्यवस्था के अंतर्गत शहर का सौंदर्यकरण, कचरे का निष्पादन, शौचालयों की उचित व्यवस्था, आमजन की जागरूकता और समस्त शहर की सफाई व्यवस्था जैसे विभिन्न घटकों के आधार पर निरीक्षण कर रैंकिंग दी जाती है। हेरिटेज निगम आल इंडिया स्तर पर 26वें स्थान पर रहा। रैंकिंग में डोर टू डोर कचरा संग्रहण, कचरे का पृथक्करण, कचरे का निष्पादन, शौचालयों का रखरखाव एवं स्थिति, शहर की सफाई व्यवस्था और आमजन का सहयोग इत्यादि मापदंड थे। महापौर ने इस उपलब्धि के लिए निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदगण, व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों, टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों और शहर के नागरिकों को बधाई दी है।

**एसीबी ने दर्ज किया मुकदमा**

# CCTV से खुला राज... HC के जमादार ने ली थी 300 रुपए की घूस

- प्रारंभिक जांच में एसीबी ने जमादार को माना आरोपी

बेधड़क | जयपुर

न्यायालय के आदेशों की पत्रावलियों को हस्ताक्षर करवाने के बाद नकल शाखा तक पहुंचाने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने हाईकोर्ट के जमादार के खिलाफ 300 रुपए की घूस लेने का मुकदमा दर्ज कर लिया। मामला जून 2022 का है।

शिकायत के बाद एसीबी ने परिवाद दर्ज करके सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और एफएसल रिपोर्ट के आधार पर जमादार पन्नालाल को प्रारंभिक जांच में आरोपी माना है। एसीबी के अधिकारी अब मामले की जांच कर रहे हैं। परिवादी परमेश्वर पिलानिया ने एसीबी में शिकायत की थी कि हाईकोर्ट के कोर्ट संख्या आठ में उसके मामले की सुनवाई थी। सुनवाई के बाद न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश की प्रतिलिपि लेने के लिए परिवादी ने जमादार पन्नालाल से संपर्क किया तो उसने 300 रुपए की डिमांड की। आरोपी पन्नालाल ने परिवादी से पहले एडवांस 200 रुपए ले लिए और फिर लंच के बाद हस्ताक्षर करवाकर फाइल को नकल शाखा तक पहुंचाने के लिए 100 रुपए लिए थे। परिवादी ने इस पूरी घटना को अपने साथी अजीत के साथ मिलकर मोबाइल में कैद कर लिया था। इसके बाद परिवादी ने एसीबी में शिकायत की थी।




### फाइल सेक्शन तक पहुंचाने के हैं पैसे


पड़ताल में सामने आया कि न्यायालय में सुनवाई होने के बाद अंतरिम आदेश पारित किए जाते हैं। वकीलों को न्याय हित में आदेशों की प्रति यथाशीघ्र प्राप्त करनी होती है, ताकि पक्षकार के खिलाफ होने वाली आगामी कार्रवाई से बचाया जा सके। न्यायाधीश द्वारा हस्ताक्षर करवाकर पत्रावली नकल शाखा में भेजने का कार्य जमादार करता है। इस कार्य के लिए वकीलों को कथित रूप से रिश्वत देनी पड़ती है। जिस अधिवक्ता द्वारा जिन पत्रावलियों में ज्यादा रिश्वत दी जाती है, उनकी फाइलें कोर्ट उठने से पहले ही जमादार शाखा में ले जाता है और जिन फाइलों में कम रिश्वत दी जाती है, वे फाइलें कोर्ट उठने के बाद लेकर जाता है। बताया जाता है कि वह रिश्वत प्राप्त नहीं होने तक अगले दिन या बाद में भी फाइल नकल शाखा में ले जाते हैं।

### तेलंगाना-हैदराबाद में कराई जा चुकी है जांच

एसीबी ने शिकायत मिलने के बाद परिवादी द्वारा दी गई मोबाइल की रिकॉर्डिंग और जांच के लिए हाईकोर्ट से सीसीटीवी कैमरे के फुटेज जुटाए। इसके बाद एसीबी ने रिकॉर्डिंग व फुटेज को जांच के लिए हैदराबाद व तेलंगाना एफएसएल को भेजे थे। हाल ही में एफएसएल रिपोर्ट मिलने के बाद अब एसीबी ने पन्नालाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## जरूरी खबर

### पिस्टल लहराते बनाया वीडियो, युवती गिरफ्तार



**अजमेर।** जिले में आना सागर चोपाटी पर पिस्टल लहराते और फायरिंग करते वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करना एक युवती को भारी पड़ गया। बालूपुरा स्कूल सिविल लाइन की रहने वाली शिवानी सैनी (18) पुत्री चंद्रप्रकाश ने ऑन लाइन साइट से नकली पिस्टल मंगवाई थी। इसके बाद उसने वीडिया बनाकर पोस्ट किया। शुक्रवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे भविष्य में ऐसा नहीं करने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया। युवती ने पुलिस को बताया कि उसे पता नहीं था कि नकली हथियार के साथ वीडियो पोस्ट करना भी अपराध की श्रेणी में आता है।

### एनएसयूआई का नववर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**चूरू।** जिला मुख्यालय के राजकीय लोहिया महाविद्यालय में नववर्ष पर स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में एनएसयूआई के महाविद्यालय अध्यक्ष चंदगी राम कुलड़िया का मनोनयन भी किया गया। इस मौके पर कुलड़िया ने कहा कि किसी भी तरह की समस्या में छात्र-छात्राओं के हितों की रक्षा में हमेशा तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम में खेल प्रभारी संजय कस्वां मुख्य अतिथि थे। इस मौके पर अनिल कुमार, सतीश, प्रमोद, संजय, राजपाल आदि ने चंदगी कुलड़िया का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### दो राम भक्त 650 किमी की यात्रा कर पहुंचेंगे अयोध्या



**दौसा।** जिले के बांदीकुई से 650 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए दो राम भक्त अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करेंगे। भारत विकास परिषद् ने श्रीराम मंदिर गुढ़ारोड़, बांदीकुई से पदयात्रा कर अयोध्या जाने वाले ढिगारिया टप्पा कोलेश्वर निवासी श्रीकृष्ण कसाना तथा धपावन खुर्द निवासी रामवीर राजपूत का अभिनंदन किया। पदयात्रा से पूर्व दोनों पदयात्रियों ने श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना की। परिषद संरक्षक डॉ सोहनलाल तथा कई लोगों ने दोनों रामभक्तों को ध्वज प्रदान कर पैदल यात्रा की शुभकामना दी है।

### नई सरकार का पहला बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

# प्रदेश के 121 आरएएस अधिकारियों के तबादले



**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पहला बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी हुई लिस्ट में 36 जिलों के कलेक्टर भी बदले गए हैं। वहीं, कई बड़े विभागों के मुखिया भी चेंज हुए हैं। चूरू कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग का तबादला कर उन्हें सीएम के संयुक्त सचिव के पद पर पोस्टिंग दी गई है।

कार्मिक विभाग की ओर से जारी की गई तबादला लिस्ट में 121 आरएएस अधिकारियों को इधर-उधर किया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से बड़ी संख्या में आरएएस अधिकारियों के तबादले से पूरा प्रशासनिक अमला लगभग चेंज हो गया है। इसमें कई आरएएस अधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारी भी दी है। 27 पुराने और 9 नए जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। पुराने जिलों में बारां, बांसवाड़ा, धौलपुर, हनुमानगढ़, चूरू, जोधपुर, पाली, भीलवाड़ा, अलवर, जैसलमेर, बीकानेर, झालावाड़, चित्तौड़गढ़, कोटा, डूंगरपुर, झुंझुनूं, सिरोही, सवाईमाधोपुर, दौसा, सीकर, राजसमंद, करौली, प्रतापगढ़, सवाईमाधोपुर, टोंक, बूंदी, राजसमंद के कलेक्टरों के तबादले किए हैं।

वहीं केकड़ी, बालोतरा, फलौदी, अनूपगढ़, बहरोड़, डीडवाना-कुचामन, गंगापुरसिटी, सलूम्बर, ब्यावर के कलेक्टर बदले गए हैं।

### इन आरएएस का बदला विभाग

कार्मिक विभाग की ओर से जारी की गई आईएएस अधिकारियों के तबादले की लिस्ट में विश्व मोहन शर्मा को आयुक्त, मिड-डे मिल, राजस्थान, जयपुर, ओम प्रकाश बुनकर आयुक्त, महिला अधिकारिता विभाग और पंचायतीराज (महिला अधिकारिता) विभाग, जयपुर, राजेंद्र सिंह शेखावत सचिव, विद्युत नियामक आयोग, जयपुर, राजेंद्र विजय विशिष्ट सचिव, खाद्य विभाग, जयपुर, प्रकाश चंद्र शर्मा ईडी, रूडसिको,पीडी आरयूआईडीपी जयपुर, नरेंद्र गुप्ता विशिष्ट सचिव, राजस्व विभाग जयपुर, अनिल कुमार अग्रवाल आयुक्त, विभागीय जांच जयपुर, रूक्मणि रियार आयुक्त नगर निगम ग्रेटर जयपुर, सिद्धार्थ सिहाग संयुक्त सचिव मुख्यमंत्री, हिमांशु गुप्ता आयुक्त उद्योग, बीआईपी जयपुर, नमित मेहता कलेक्टर भीलवाड़ा, अविचल चतुर्वेदी पीडी, एसएसए, आयुक्त स्कूल शिक्षा, हरजी लाल अटल कलेक्टर फलौदी, आशीष गुप्ता कलेक्टर अलवर, कानाराम कलेक्टर हनुमानगढ़, आलोक रंजन कलेक्टर चित्तौड़गढ़, महावीर प्रसाद मीणा प्रबंध निदेशक राजस्थान राज्य बुनकर संघ लिमिटेड जयपुर, लक्ष्मी नारायण मंत्री कलेक्टर पाली, कल्पना अग्रवाल कलेक्टर कोटपुतली-बहरोड़, पुष्पा सत्यानी कलेक्टर चूरू, अजय सिंह राठौड़ कलेक्टर झालावाड़, गौरव अग्रवाल कलेक्टर जोधपुर, चिनमयी गोपाल कलेक्टर झुंझुनूं, शुभम चौधरी कलेक्टर सिरोही, सुरेश कुमार ओला आयुक्त, संस्कृत शिक्षा विभाग, कुमार उल जमान चौधरी कलेक्टर सीकर, डॉ. भंवर लाल कलेक्टर राजसमंद, आशीष मोदी निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, अंकित कुमार सिंह कलेक्टर डूंगरपुर, अरुण गर्ग कलेक्टर सलुंबर, बाबूलाल गोयल निदेशक स्वच्छ भारत मिशन जयपुर, बाल मुकुंद असावा कलेक्टर डीडवाना-कुचामन, बचनेश कुमार अग्रवाल संयुक्त शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व मिशन निदेशक, जल जीवन मिशन, वासुदेव मालावत अतिरिक्त आयुक्त, उद्योग संवर्धन ब्यूरो, निलाभ सक्सेना कलेक्टर करौली, खुशाल यादव कलेक्टर सवाई माधोपुर, सौरभ स्वामी अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, राजस्थान, हथकर्घा विकास निगम, अंजलि राजोरिया कलेक्टर प्रतापगढ़, इंद्रजीत यादव कलेक्टर बांसवाड़ा, सीताराम जाट निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा विभाग व पंचायती राज(प्रारंभिक शिक्षा) विभाग बीकानेर, ओम प्रकाश बैरवा आयुक्त, विभागीय जांच, राजस्थान जयपुर, जसमीत सिंह संधू संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हेल्थ इंश्योरेंस ऐजेंसी, प्रताप सिंह कलेक्टर जैसलमेर, रविंद्र गोस्वामी कलेक्टर कोटा, रोहिताश्व सिंह तोमर कलेक्टर बारां, उत्सव कौशल कलेक्टर ब्यावर, गौरव सैनी कलेक्टर गंगापुर सिटी, श्वेता चौहान कलेक्टर केकड़ी, अवधेश मीणा कलेक्टर अनुपगढ़, देवेंद्र कुमार कलेक्टर दौसा, सुशील कुमार कलेक्टर बालोतरा, अक्षय गोदारा कलेक्टर बूंदी, श्रीनिधि बी टी कलेक्टर धौलपुर, डॉ. सौम्या झा कलेक्टर टोंक, अभिषेक सुराणा आयुक्त नगर निगम हेरिटेज जयपुर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्मार्ट सिटी जयपुर, नित्या के आयुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, डॉ. टी शुभमंगला आयुक्त नगर निगम जोधपुर दक्षिण, देशल दान आयुक्त नगर निगम अजमेर, राम प्रकाश आयुक्त नगर निगम उदयपुर, कनिष्क कटारिया संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक विभाग, सलोनी खेमका मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भिवाड़ी इन्टीग्रेटेड विकास प्राधिकरण (बीडा) (खैरथल-तिजारा), सोहन लाल मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद-क्रम अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई. जी. एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा) बीकानेर, धीरज कुमार सिंह मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद क्रम अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई. जी. एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा) जोधपुर, सिद्धार्थ पालनीचामी-मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद-क्रम अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई. जी. एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा) बाड़मेर, प्रतिभा वर्मा मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद-क्रम अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई. जी. एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा) अलवर, मृदुल सिंह मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद क्रम अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई. जी. एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा) श्रीगंगानगर, गौरव बुडानिया उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट ब्यावर, रीया डाबी उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट, गिर्वा (उदयपुर), रवि कुमार उपखंड अधिकारी भरतपुर, आल्हाद निवृत्ती सोमनाथ उपखंड अधिकारी भीलवाड़ा, जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर उपखंड अधिकारी अलवर, सालुखे गौरव रविंद्र उपखंड अधिकारी एवं उपखंड मजिस्ट्रेट माउंट आबू सिरोही के पद पर लगाया गया है।

### एसपी ने बनेठा क्षेत्र में नाकाबंदी का लिया जायजा, दिए निर्देश

## अवैध बजरी मिली तो SHO पर होगी कार्रवाई

**बेधड़क | टोंक**



अवैध बजरी खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए एसपी राजर्षि राज ने सख्त कदम उठाए हैं। जिस थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन और परिवहन होता मिला तो संबंधित थाना प्रभारी जिम्मेदार होगा। एसपी उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करेंगे। जांच में जितनी लापरवाही पुलिस की पाई जाएगी, उसी हिसाब से संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ सस्पेंड तक की कार्रवाई हो सकती है। इस कड़ी में शनिवार को एसपी ने भी बनेठा क्षेत्र में जाकर अवैध बजरी खनन और परिवहन को लेकर 24 घंटे से की जा रही नाकाबंदी की व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। एसपी वर्मा ने बताया कि यदि किसी भी थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन पाया गया तो इसके लिए संबंधित थानाधिकारी जिम्मेदार होगा।

### शेरगढ़ चौकी के पास भीषण हादसे में पांच गंभीर घायल

# शोकसभा में जा रहे लोगों की कार ट्रक से भिड़ी, तीन की मौत

**बेधड़क | हनुमानगढ़**



जिले में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पांच लोग गंभीर घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार अर्टिगा कार में सवार लखुवाली निवासी 8 लोग किसी रिश्तेदार के यहां शोक सभा में शामिल होने गांव कीकरवाली जा रहे थे। इसी दौरान मेगा हाइवे पर शेरगढ़ चौकी के पास सुबह 11.30 बजे कार की ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही शेरगढ़ चौकी पुलिस व आसपास के लोगों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर तीन लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतकों में मौलवी मुंसिफ अली, शाहनवाज और चिराग पुत्र अल्लाबख्श हैं। वहीं कार ड्राइवर राजा मौलवी और वारिस अली सहित पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। वारिस अली और कार चालक सहित तीन लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। टाउन थाना पुलिस की सूचना पर मृतकों व घायलों के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे।

### निकाली कलश यात्रा, 3 दिवसीय अनुष्ठान आज से



**चूरू।** धर्मसंघ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता स्वामी शिवानंद सरस्वती महाराज की पुण्य स्मृति में 7 से 9 जनवरी तक आयोजित होने वाले त्रिदिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन रविवार से शुरू होगा। इससे पूर्व शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई, जो मुख्य बाजार होते हुऐ सोती भवन पहुची। यहां विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की ओर से स्वागत किया गया। आयोजन में पहले दिन गणपति पूजन, कथा प्रवचन, सोमवार को रूद्राभिषेक और मंगलवार को चंडी पाठ होगा।

### बाड़मेर की वर्षा का क्रिकेट अंडर-19 में चयन

## ग्रामीण ओलंपिक के बाद अब खेलेंगी नेशनल टीम में

**बेधड़क | बाड़मेर**



राजीव गांधी ग्रामीण और शहरी ओलंपिक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली राजस्थान की वर्षा जाखड़ अब अंडर-19 क्रिकेट टीम में खेलकर अपने राज्य का नाम रौशन करेगी।

वर्षा जाखड़ का राष्ट्रीय स्तर पर अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन होने पर राजनेता से लेकर राज्य के लोग वर्षा जाखड़ को बधाई दे रहे हैं।

इसी सिलसिले में राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वर्षा जाखड़ को बधाई दी है। पूर्व सीएम राजे ने लिखा- 'सुखद खबर! खोथो की ढाणी, बायतु (बालोतरा) निवासी प्रतिभावान बिटिया वर्षा जाखड़ का राष्ट्रीय स्तर पर अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन का समाचार सुन गर्व हुआ। हमारी बेटियां शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी अपना लोहा मनवा रहीं हैं, नारी शक्ति का परिचय दे रही हैं। उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।' वर्षा जाखड़ 12वीं की छात्रा है। अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन होने के बाद वर्षा के गांव में खुशी की लहर छा गई है। आस-पास के रहने वाले लोग उनके घर पर आकर बधाई दे रहे हैं।

### आज झंडा लेकर पहुंचेगा भीलवाड़ा का गौरी परिवार

# बुलंद दरवाजे पर कल चढ़ेगा गरीब नवाज के उर्स का झंडा

**बेधड़क | अजमेर**



सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के उर्स का झंडा 8 जनवरी को दरगाह की सबसे ऊंची इमारत बुलंद दरवाजे पर चढ़ाया जाएगा। परंपरा के अनुसार झंडा लेकर भीलवाड़ा का गौरी परिवार रविवार को को दरगाह पहुंचेगा। कई सदियों से गौरी परिवार के पूर्वज ही उर्स से पहले झंडा लेकर आते रहे हैं। दरगाह गेस्ट हाउस से गाजे-बाजे के साथ जुलूस के रूप में झंडे को निजाम गेट होते हुए बुलंद दरवाजे तक लाया जाता है।

यहां बड़ी संख्या में जायरीन झंडे को छूने और चूमने के लिए बेताब रहते हैं। झंडे को बुलंद दरवाजे के शिखर तक पहुंचाने के बाद उसे चढ़ाया जाता है। झंडे की रस्म के साथ ही उर्स की अनौपचारिक शुरुआत हो जाती है। यह सदियों पुरानी परंपरा है इसका मकसद उर्स के नजदीक आने की सूचना है। इसके बाद से ही देश और दुनिया से जायरीन के अजमेर आने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

#### 12 जनवरी को खुलेगा जन्नती दरवाजा

12 या 13 जनवरी को रजब का चांद दिखने के साथ ही उर्स की विधिवत शुरुआत होगी। 12 जनवरी को साल में चार मर्तबा खुलने वाला दरगाह का जन्नती दरवाजा आम जायरीन के लिए खोल दिया जाएगा। 12 जनवरी को चांद नहीं दिखता है तो इसे रात को बंद कर अगले दिन सुबह खोला जाएगा। चांद दिखने के साथ ही दरगाह में कव्वालियों का दौर भी शुरू हो जाएगा। दरगाह दीवान की सदारत में महफिल खाने में रात को महफिले होंगी। शाही कव्वाल परंपरागत कव्वालियों को पेश करेंगे। इनके अलावा भी देशभर से आने वाले कई कव्वाल दरगाह में कव्वाली पेश कर अपनी अकीदत का नजराना पेश करेंगे।

#### उर्स में बदलेगा खिदमत का समय

उर्स के मौके पर दरगाह में खिदमत का समय बदल जाएगा। आम दिनों में दरगाह में आस्ताने को दिन में 3 से 4 बजे खिदमत के लिए बंद किया जाता है। वहीं उर्स के मौके पर देर रात मजार का गुस्ल देने के दौरान आस्ताने को कुछ देर के लिए बंद किया जाएगा।

### फीस बढ़ोतरी के खिलाफ आक्रोश

# छात्राओं ने धौलपुर-राजाखेड़ा सड़क पर लगाया जाम

**बेधड़क | धौलपुर**



जिले के मरैना कस्बे में शनिवार को फीस बढ़ोतरी से आक्रोशित होकर छात्राओं ने सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान छात्राओं ने बृज विश्वविद्यालय कुलपति के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष जताया।

हंगामे की सूचना मिलते ही स्थानीय दिहोली थाना पुलिस एवं नायब तहसीलदार नाहर सिंह मौके पर पहुंचे, जिन्हें छात्राओं के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। छात्राओं ने पुलिस और प्रशासन को जमकर खरी-खोटी सुनाई। प्रदर्शन कर रही छात्राओं ने बताया कि हाल ही में बृज विश्वविद्यालय के कुलपति की ओर से तुगलकी फरमान जारी कर बीए फर्स्ट ईयर, सेकंड ईयर एवं थर्ड ईयर की फीस में भारी बढ़ोतरी की है। छात्राओं ने बताया कि पूर्व में फीस महज 1,600 रुपए दी जाती थी, लेकिन बृज विश्वविद्यालय के कुलपति ने आदेश जारी कर फर्स्ट ईयर की फीस को 7,500 रुपए कर दिया है। छात्राओं ने बताया कि मरैना स्थित राजकीय कॉलेज में अधिकांश गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। परिवारों की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है।

#### बेटियों के साथ अपना रहे दोगली नीति

आक्रोशित छात्राओं का कहना था कि एक तरफ सरकार बेटियों को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा को निशुल्क कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ कॉलेज स्तर पर फीस में भारी बढ़ोतरी कर छात्राओं के साथ दोगली नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 7,000 से अधिक की फीस को अभिभावक सहन करने में लाचार हो रहे हैं। बहुत परिवारों की आर्थिक स्थिति ज्यादा दयनीय होने की वजह से बेटियां शिक्षा से भी वंचित रह रही हैं।

#### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

छात्राओं की ओर से सड़क पर जाम लगाने से आवागमन बाधित हो गया। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मामले को बढ़ता देख दिहोली थाना पुलिस एवं मरैना नायब तहसीलदार नाहर सिंह मौके पर पहुंचे। नायब तहसीलदार और पुलिस की ओर से करीब एक घंटे की समझाइश के बाद छात्राएं जाम खोलने पर सहमत हुई। छात्राओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बृज विश्वविद्यालय प्रशासन ने फीस बढ़ोतरी में कमी नहीं की तो उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### जन्मदिन की पार्टी में गया था परिवार

# पार्षद के घर से 50 लाख के गहने और नकदी पार

**बेधड़क | भरतपुर**

जिले के सेवर थाना क्षेत्र में सूने मकान से साढ़े 12 लाख रुपए की नकदी और करीब 37 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के पार्षद का पूरा परिवार अपने दोहिते के जन्मदिन की पार्टी में गया था। पीछे से चोर सूने मकान का ताला तोड़कर घर में रखी नकदी और गहने चुरा ले गए। जब परिजन वापस आए तो घटना का पता चला।

पीड़ित ने सेवर थाने में मामला दर्ज कराया है। वहीं, घर में चोरी करने के लिए घुसे दो चोर सीसीटीवी में भी नजर आए हैं। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-1 के पार्षद विजय सिंह भारतीय ने सेवर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 5 जनवरी की शाम को उनका पूरा परिवार नदबई में दोहित के जन्मदिन में गया था। रात करीब 12 बजे पूरा परिवार जन्मदिन पार्टी से लौटकर वापस घर आया तो मुख्य दरवाजे और कमरों में अलमारियों के ताले टूटे मिले, जिनमें से नकदी और जेवारत गायब थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो दो चोर घर का मुख्य द्वार फांदकर दाखिल होते नजर आए। चोर हॉल का दरवाजा तोड़कर घर में घुसे और 12.50 लाख की नकदी के साथ ही 37-38 लाख रुपए कीमत के जेवरात ले गए। पार्षद ने बताया कि नकदी प्लॉट की रजिस्ट्री के लिए रखी हुई थी।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने की एनसीसी कैडेट्स के राजस्थान दल से मुलाकात

# अनुशासन के पथ पर चलकर राष्ट्र निर्माण देश की सबसे बड़ी सेवा

बेधड़क | जयपुर

महानिदेशक राष्ट्रीय कैडेट कोर नई दिल्ली की ओर से आयोजित में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2024 के उद्घाटन कार्यक्रम को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कैडेट्स की भावना शाश्वत और अमिट है। उन्होंने चित्तौड़गढ़ सैनिक स्कूल में एनसीसी कैडेट के रूप अपने स्कूली दिनों की यादें ताजा कीं।



### जोश से भरपूर थे एनसीसी के कैडेट्स

उपराष्ट्रपति ने कैडेटों से गरिमा के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह करते हुए उन्हें 2047 तक भारत को वास्तव में विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनाने के लिए उत्साह, वीरता और समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। अनुशासन और देशभक्ति के गुण दिलों में जीवित रहने चाहिए, यह सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है जो हम मातृभूमि को दे सकते हैं।




**राजस्थान के दल से की मुलाकात**

एनसीसी शिविर के उद्घाटन के दौरान उपराष्ट्रपति ने राजस्थान निदेशालय की एनसीसी कैडेट्स के दल से मुलाकात के समय उनके जोश एवं उत्साह की भूरी-भूरी प्रशंसा की। राजस्थान के उपमहानिदेशक एयर कमोडोर सत्येन्द्र शर्मा ने उपराष्ट्रपति की आगवानी की। एनसीसी में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि महिला कैडेट इस गणतंत्र दिवस पर दो विशेष टुकड़ियों में दो महिला बैंड के साथ गर्व से कर्तव्य पथ पर मार्च करेंगी। राजस्थान दल के कंटिजेंट कमांडर कर्नल पंकज गोरांग है।

## Yuva स्टोरीज

### RU आज मनाएगा 78वां स्थापना दिवस समारोह




बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय अपना 78वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस सिलसिले में सोमवार को प्रातः11-00 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित मानविकी पीठ सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। 78वें स्थापना दिवस समारोह विवि परिसर में 4-5 करोड़ की लागत से नवीनीकृत किया गया मानविकी पीठ सभागार का लोकापर्ण राज्यपाल करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षामंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा होंगे। सांसद रामचरण बोहरा व विधायक कालीचराण सर्राफ समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अल्पना कटेजा समारोह की अध्यक्षता करेंगी।

मानविकी पीठ सभाार के नवीनीकरणा प्रक्रिया के तहत इस पूरे सभाार को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्तकिया गया है। पूर्ण रूप से वातानुकूलित इस भवन में 350 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता होगी। विशेष साउंड सिस्टम के साथ ही फायर सेफ्टी की विशेष व्यवस्था इस भवन में की गई है।



**एजुकेशनल टूर पर नौकाविहार को गए बच्चे**

**जयपुर।** मुरलीपुरा जयपुर स्थित संस्कृति चिल्ड्रेंस एकेडमी के कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के स्टूडेंट्स एजुकेशनल टूर पर उदयपुर और माउंट आबू के भ्रमण पर गए। स्कूल के सचिव आयुष कुमार शर्मा ने बताया कि बच्चों को कक्षा के माहौल से बाहर की दुनिया से परिचित कराना इस ट्रिप का मकसद था। एजुकेशनल टूर पर बच्चों ने नसीराबाद की प्रसिद्ध उद्योग संस्थान, गीर गौशाला, राजसमंद में सांवरिया सेठ, उदयपुर में हल्दी घाटी, फतहसागर लेक, स्वरूप लेक, पिछोला , गुलाब बाग, सहलियों की बाड़ी, नवलखा महल, सज्जनिवास बाग और माउंट आबू में नक्की लेक, विश्व प्रसिद्ध देलवाड़ा जैन मंदिर, नक्की लेक को नाखून से निर्मित करने वाले रसिया बालम, कुंवारी कन्या मंदिर, आबूदा देवी मन्दिर, ब्रहमा कुमारी, श्री गुरु दत्तात्रेय मंदिर गुरुशिखर, अचलेश्वर महादेव सिरोही आदि स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान गीत, नाटक, एकल नृत्य स्वच्छ भारत आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।



**टॉक शो में महिला सशक्तिकरण पर हुई बात**

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज में शनिवार को महिला सशक्तिकरण पर एक टॉक शो का आयोजन किया गया। टॉक शो की मुख्य अतिथि आईआरएस अनिता रिनेश ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को लेकर समाज की मानसिकता बदलना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा मैं जेंडर भेदभाव को नहीं मानती हूं क्योंकि मेरा मानना है कि हर व्यक्ति को एक इंसान के रूप में पहचानना चाहिए न की पुरुष या स्त्री के रूप में तब ही देश का विकास होगा। उन्होनें छात्राओं का आह्वान किया कि शिक्षा के क्षेत्र में अंकों से भविष्य का लक्ष्य निर्धारित नहीं करना चाहिए, आपको जिस भी क्षेत्र में जाना है, उसमें अपना लक्ष्य निर्धारित रखें और आगे बढ़ते रहें। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने अपने संबोधन में कहा कि नारी का सशक्त होना बहुत जरूरी है क्योंकि नारी को सशक्त करने से न केवल एक परिवार या एक देश सशक्त होता है, बल्कि नारी के सशक्तिकरण से तो सम्पूर्ण विश्व सशक्त होता है।

### जेईसीआरसी: 3784 स्टूडेंटस को मिली डिग्री

# सबसे पावरफुल इक्वेशन है ‘एजुकेशन=फ्यूचर’

## इंटीग्रेशन, इनोवेशन और रिसर्च में है भविष्य

बेधड़क | जयपुर

शनिवार को जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में 7वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पद्मविभूषण एवं आईसीटी, मुंबई के चांसलर एवं सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक आरए माशेलकर थे। प्रसिद्ध सामाजिक उद्यमी और संस्थापक और सीईओ, द डेक्सटेरिटी ग्लोबल ग्रुप के शरद विवेक सागर सम्मानित अतिथि के तौर पर शरीक हुए।

समारोह की शुरुआत वाइस चांसलर विक्टर गंभीर, मुख्य अतिथि आरए माशेलकर और गेस्ट ऑफ ऑनर शरद विवेक सागर ने दीप प्रज्जवलन के साथ की। चीफ गेस्ट पद्म विभूषण आरए माशेलकर ने ग्रेजुएट्स और उनके अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि यहां से आपके सुनहरे भविष्य की शुरुआत होती है।

उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी इंटीग्रेशन, इनोवेशन, रिसर्च और आंत्रप्रेन्योरिशप के क्षेत्र में काफी अच्छा काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पावरफुल इक्वेशन है “E=F” यानी एजुकेशन इज इक्वल टु फ्यूचर। गेस्ट ऑफ ऑनर शरद विवेक सागर ने कहा कि जब युवा अपने एकेडमिक सफर को देश के सफर से मिलाकर चलते हैं तब गांधी और अंबेडकर जैसे प्रतिभावान लोग देश को मिलते हैं। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए लोकल रोल मॉडल बनने की अपील की।




### इस बार दी गईं रिकॉर्ड डिग्रियां

इस अवसर पर जेईसीआरसी के 3784 स्टूडेंट्स को डिग्री मिली जिसमें 1381 फुल टाइम और 2403 स्टूडेंट्स को डिस्टेंस एजुकेशन की डिग्री शामिल है। ये अब तक के डिग्री प्रदान करने का सबसे बड़ा आंकड़ा है। समारोह में 1400 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं जिनमें 26 गोल्ड, 13 सिल्वर और 12 ब्रांज मेडल शामिल हैं। इस मौके पर 11 पीएचडी और एक ऑनरेरी शोध उपाधि भी दी गई।

### मन लगाकर पढ़ें, भविष्य है उज्ज्वल

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. विक्टर गंभीर ने इसे साल का एकेडमिक रिकार्ड बताते हुए कहा कि अब तक 10235 विद्यार्थियो को इंटर्नशिप ऑफर हो चुकी है और 2 पेटेंट भी बच्चों ने अपने नाम पर ग्रांट करवाया है। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं भी दीं।



### देश-विदेश से आए बच्चे और पेरेंट्स

समारोह का मुख्य आकर्षक दीक्षांत परेड रही जिसमें छात्र रोब पहनकर एवं दीक्षांत कैप लगाकर चहक रहे थे। दीक्षांत समारोह में उपाधियां लेने देश-विदेश से स्टूडेंटस जेईसीआरसी कैम्पस पहुंचे। इस मौके पर उनका हौसला बढ़ाने अभिभावक भी उनके साथ आए। अपने बच्चों को मार्च करते देख परिजन भावुक हो उठे।

**फ्रॉड हुआ तो पढ़ी साइबर सुरक्षा**

बीसीए साइबर सिक्योरिटी के छात्र प्रथम कुमावत से जब ये कोर्स करने की वजह पूछी तो उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले उनके परिजन के साथ साइबर ठगी हुई जिसमें उन्होंने सालों की पूंजी गंवा दी। इससे उनका परिवार काफ़ी परेशानी में आ गया था। उस दिन उन्होंने साइबर सिक्योरिटी का कोर्स करने की ठानी और ये तय किया की जो तकलीफ उन्हें और उनके परिवार को झेलनी पड़ी वो किसी और को न झेलनी पड़े।

# देश के विकास में योगदान का अवसर एनएसएस के शिविर



बेधड़क | जयपुर

श्री राधा गोविन्द राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस का एक दिवसीय आयोजित हुआ। शिविर में इकाई के सभी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। । प्राचार्य प्रो सुमन भाटिया व एनएसएस प्रभारी डॉ. विवेक कुमार चूलेट ने शिविर की अध्यक्षता की और स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

शिविर के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य प्रो. भाटिया ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवकों को राष्ट्र एवं राज्य की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी व जागरूकता रखनी चाहिए। इस लिहाज से वर्तमान में भारत सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के लक्ष्यों की आपूर्ति में एनएसएस के स्वयंसेवक जागरुकता का पर्यावरण बना सकते हैं। शिविर में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के परिसर को साफ स्वच्छ करते हुए प्लास्टिक मुक्त किया। कॉलेज में खेल सप्ताह के आयोजन को मद्देनजर रखते हुए अंतर्गत खो-खो, कबड्डी, एथेलेटिक्स ट्रेक का रख-



रखाव किया गया। महाविद्यालय परिसर एवं भवन की झाड़-पोछ, कक्षों की बैठक व्यवस्था, वृक्षों की देखभाल, खरपतवार निकासी एवं जल इत्यादि देने के कार्य कुशलता पूर्वक संपादित किए गए।

शिविर के समापन सत्र में प्रो. रजनी मीणा, प्रो. नीलम शर्मा, एसोसिएट प्रो ललिता शर्मा, डॉ. अजीत सिंह चौधरी, डॉ जितेन्द्र लोढा, डॉ. संजय शर्मा आदि ने अपने विचार रखे और एनएसएस स्वयंसेवकों को सेवा, श्रम, कर्मनिष्ठता, नियमितता एवं परमार्थ जैसे मूल्यों से रूबरू करवाया। समग्र शिविर का नियोजन, संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन का महत्वगामी दायित्व एनएसएस प्रभारी डॉ. विवेक कुमार चूलेट ने निभाया।

### सरकारी कॉलेजों में आठ से शुरू होगा खेल सप्ताह

**जयपुर।** कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय की ओर से प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में आठ से 14 जनवरी तक खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के सरकारी महाविद्यालयों में अध्यनरत स्टूडेंट्स को इस खेल सप्ताह के तहत किसी ना किसी स्पोर्ट्स में पार्टिसिपेट करना अनिवार्य होगा। स्टूडेंट्सए में खेल भावना का विकास करने और फिटनेस बढ़ाने के उददोरश्य से आयोजित किए जाने वाले स्पोर्ट्स वीक में युवा विद्यार्थियों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा गया है। खेल सप्ताह में कैरम, बास्केट बॉल, शतरंज, वॉलीबॉल, खो खो,कबड्डी, क्रिकेट आदि खेल होंगे।

**एजुकेशन समिट** | **शिक्षा के साथ सामाजिक चेतना जगाना होगा जेईएस-2024 का लक्ष्य**

# शिक्षा का उद्देश्य तथ्यों का नहीं मूल्यों का ज्ञान है

बेधड़क | जयपुर

एसएसजैन सुबोध लॉ कॉलेज में 20 से 24 जनवरी तक जयपुर एजुकेशन समिट (जेईएस 2024) के 5वें संस्करण का आयोजन किया जाएगा। पांच दिनों तक चलने वाले शिक्षा के महाकुम्भ में इस साल बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंस ऑफलाइन और ऑनलाइन जुड़ेंगे। समिट का समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। जयपुर एजुकेशन समिट के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील नारनौलिया ने बताया कि इस बार जेईएस-2024 की थीम ‘समान अधिकार सभ्य संस्कार’ रखी गई है। समिट का मुख्य उद्देश्य बच्चों को ‘क्या करें’ से पहले ‘क्यों करें’ सोचना सिखाना है।



### बच्चों की साइकोलॉजी समझना जरूरी

सुनील नारनौलिया ने बताया कि जीवन में अपने कार्यों के जरिए अपने अपने क्षेत्रों में अलग पहचान बनाने वाली 200 से अधिक शख्सियतें स्कूल और कॉलेज के बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। समिट में पेरेंट्स के लिए भी अलग से सेशंस रखे गए हैं जिसमें बच्चों की भावनाएं समझने और भविष्य की संभावनाएं खोजने के लिए स्पीकर्स विचार रखेंगे। शिक्षा के साथ अलग सोच और सामाजिक चेतना बच्चों में जाग्रत करने के उद्देश्य से ही जयपुर एजुकेशन समिट का आयोजन लगातार कराया जा रहा है।

### देशभर से आएंगे शिक्षा विशेषज्ञ

पिछले चार साल से इस समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश-विदेश की 200 से अधिक मशहूर शख्सियतें बच्चों को मोटिवेट करेंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेज के छात्र शामिल होंगे। इस समारोह में देशभर से आए शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 100 टीचर्स और प्रिंसिपल को सम्मानित किया जाएगा। समिट में अकादमिक के साथ लाइव कोचिंग पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

### इस बार ‘समान अधिकार, सभ्य संस्कार’ है जयपुर एजुकेशन समिट की थीम

गौरतलब है कि पिछले साल जयपुर एजुकेशन समिट के देशभर में 50 वेन्यू बनाये गए थे जिसमें 5 लाख से अधिक दर्शक ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यमों से समिट से जुड़े थे। जेईएस-2024 के लिए रजिस्ट्रेशन फ्री है। वेबसाइट पर ऑनलाइन और ऑनस्पॉट भी रजिस्ट्रेशन कराया जा सकेगा।

### जेईएस में होंगे 100 से ज्यादा सेशन्स

जयपुर एजुकेशन समिट में इस बार 100 से अधिक सेशन्स रखे गए हैं हर रोज करीब 20 सेशन्स होंगे जिसमें टॉक शो, डिबेट, पैनल डिस्कशन, वर्कशॉप में दुनियाभर के 200 स्पीकर मोटिवेशनल, जर्नलिज्म, एजुकेशन, लेखन, लाइफ कोचिंग, पॉलिटिक्स, एडवांस टेकनोलॉजी, आधुनिक नवाचार, सोशल वर्किंग और नेटवर्किंग सहित अन्य विषयों पर स्टूडेंस के समक्ष अपने विचार रखेंगे।

### कल्चरल प्रोग्राम जमाएंगे रंग

जेईएस में कल्चरल प्रोग्राम में स्टूडेंट प्रस्तुतियां देंगे। डिबेट सेशन में एआई, आधुनिक भाषा एवं शब्द, धार्मिक शिक्षा, समाज में आरक्षण और प्राइवेट बनाम सरकारी इंस्टीट्यूशन विषयों पर विमर्श होगा। सिंगिंग, स्टोरी टेलिंग, पोटरी, स्टैंडअप कॉमेडी, सामाजिक किस्से होंगें।




**पंकज ओझा**
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी


### शाश्वत सनातन

*राजस्थान के तलवाड़ा गांव में स्थित मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में राजनेता सत्ता प्राप्त करने के लिए पूजा-अर्चना करते हैं। मंदिर में देवी त्रिपुरा सुंदरी तीन रूपों में प्रकट होती हैं - प्रातः काल कुमारी, दोपहर में यौवना, और सायंकाल प्रौढ़ रूप में। मुख्य मंदिर के द्वार चांदी से बने हैं और इसमें सिंहवाहिनी मां त्रिपुरा सुंदरी की मूर्ति है, जो स्वयंभू है। मंदिर में अब तक कई राजनेताओं ने अपनी मुरादें पूरी करने के लिए आराधना की है और इसे राजनीतिक संकटों से मुक्ति प्रदान करने वाली देवी के रूप में माना जाता है।*

## सुबह कुमारी, दोपहर में यौवना और सायं प्रौढ़ रूप में दर्शन देती हैं मां त्रिपुरा सुंदरी

# शक्ति पीठ जहां सत्ता पाने के लिए नेता नवाते हैं शीश



*राजस्थान में एक ऐसा देवी मंदिर है जहां पर सत्ता पाने के लिए राजनेता पूजा-अर्चना करने आते हैं। विशेष हवन करवाते हैं। खास बात यह है कि यहां पर देवी दिन में तीन रूपों में देर्शन देती हैं। प्रातः काल कुमारी, दोपहर में यौवना और सायं प्रौढ़ रूप में। हम बात कर रहे हैं मां त्रिपुरा सुंदरी की। बांसवाड़ा जिले से करीब 18 किलोमीटर दूर तलवाड़ा गांव में अरावली पर्वतमालाओं के बीच माता त्रिपुरा सुंदरी का यह मंदिर है। मुख्य मंदिर के द्वार चांदी के बने हैं। सिंहवाहिनी मां भगवती त्रिपुरा सुंदरी की मूर्ति अष्टदश (अठारह) भुजाओं वाली है। पांच फीट ऊंची मूर्ति में माता दुर्गा के नौ रूपों की प्रतिकृतियां अंकित हैं। त्रिपुरा सुंदरी विग्रह स्वयंभू है। यहां मां आदिशक्ति का कोई अंगपात नहीं हुआ है। उत्तर भारत में एकमात्र विग्रह है जो अष्टादशभुजा स्वरूप में है। पांचाल समाज के सुधिजन यहां सेवादार हैं।*

### राजनेताओं की संकट मोचक देवी के रूप में प्रसिद्ध



देश का यह एकमात्र ऐसा शक्ति पीठ है, जहां नेता सत्ता पाने के लिए शीश नवाते हैं। राजनीतिक क्षेत्र में यह देवी मां राजनेताओं की संकट मोचक देवी के रूप में प्रसिद्ध हो चुकी है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अनेक मुख्यमंत्री से लेकर देश विदेश के ओहदेदार नेता और सरपंच तक सभी यहां अपनी मुरादें पूरी करने के लिए झोली फैला चुके हैं। मां के दरबार में राजनीति यज्ञ और विजय श्री हवन करवाया जाता है। राजस्थान, एमपी, गुजरात सहित पूरे देश के कई राजनीतिक दिग्गज देवी से आर्शीवाद लेते हैं।

### जाग्रत ऊर्जायुक्त है सिद्ध पीठ है



मां की मूर्ति के पीछे पीठ पर 42 भैरवों और 64 योगिनियों की बहुत ही सुंदर मूर्तियां अंकित हैं। भगवती की मूर्ति के दायीं और बायीं ओर के भागों में श्रीकृष्ण तथा अन्य देवियां और विशिष्ट पशु अंकित हैं और देव-दानव-संग्राम की झांकी दृष्टिगत होती है। गर्भगृह में देवी की विविध आयुध से युक्त अठारह भुजाओं वाली श्यामवर्णी तेजयुक्त आकर्षक मूर्ति है। इसके प्रभामंडल में नौ-दस छोटी मूर्तियां हैं, जिन्हें दस महाविद्या अथवा नवदुर्गा कहा जाता है। मूर्ति के नीचे के भाग के संगमरमर के काले और चमकीले पत्थर पर श्री यंत्र उत्कीर्ण है, जिसका अपना विशेष तांत्रिक महत्व है। मंदिर के पृष्ठ भाग में त्रिवेद, दक्षिण में काली तथा उत्तर में अष्ट भुजा सरस्वती मंदिर था, जिसके अवशेष आज भी विद्यमान है। जाग्रत ऊर्जायुक्त इस सिद्ध पीठ में देवी के अनेक सिद्ध उपासकों व चमत्कारों की कथाएं सुनने को मिलती हैं।



### तीसरी सदी से पुराना है शक्तिपीठ

सम्राट कनिष्क के समय का एक शिव-लिंग यहां विद्यमान है। लोगों का विश्वास है कि यह स्थान कनिष्क के पूर्व-काल से ही प्रतिष्ठित रहा होगा। कुछ विद्वान् देवी मां की शक्तिपीठ का अस्तित्व यहां तीसरी सदी से पूर्व का मानते हैं। पहले यहां 'गढ़पोली' नामक ऐतिहासिक नगर था। 'गढपोली' का अर्थ है-दुर्गापुर। ऐसा माना जाता है कि गुजरात, मालवा और मारवाड़ के शासक मां त्रिपुरा सुंदरी के उपासक रहे हैं।

### इसलिए पड़ा त्रिपुरा सुंदरी नाम

*माता के सिंह, मयूर और कमलासिनी होने के कारण दिन में तीन रूपों को धारण करती हुई प्रतीत होती है। इसमें प्रात:कालीन बेला में कुमारिका, मध्याह्न में यौवना और सायंकालीन वेला में प्रौढ़ रूप में मां के दर्शन होते है। माता की इसी तीन रूपों में दर्शन की विशिष्टता के कारण, इसे त्रिपुरा सुंदरी कहा जाने लगा। यह भी कहा जाता है कि मंदिर के आस-पास पहले कभी तीन दुर्ग थे। शक्तिपुरी, शिवपुरी तथा विष्णुपुरी नामक इन तीन पुरियों में स्थित होने के कारण देवी का नाम त्रिपुरा सुंदरी नाम पड़ा।*

### युद्ध में माता की मूर्ति साथ ले जाते थे राजा

*गुजरात के सोलंकी राजा सिद्धराज जयसिंह की यह इष्ट देवी रही हैं। मां की उपासना के बाद ही वे युद्ध प्रयाण करते थे। कहा जाता है कि मालव नरेश जगदेश परमार ने तो मां के श्री चरणों में अपना शीश ही काट कर अर्पित कर दिया था। उसी समय राजा सिद्धराज की प्रार्थना पर मां ने पुत्रवत जगदेव को पुनर्जीवित कर दिया था। त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के जीर्णोद्धार का इतिहास लगभग 500 साल पुराना है। 1501 में महाराजा धन्या माणिक्य देबबर्मा द्वारा किया गया था। कहा जाता है कि राजा के द्वारा युद्ध के मैदान में देवी त्रिपुरा सुंदरी माता की छोटी मूर्ति को ले जाया गया था।*





### माता के दरबार में आने वाले भक्त कभी भी निराश नहीं लौटते

*ऐसी मान्यता है कि माता के दरबार मे आने वालों की झोली कभी भी खाली नहीं जाती है। माता रानी खास से लेकर आम हर किसी की मनोकामना पूरी करती है। यही वजह है कि माता रानी के मंदिर में गरीब से लेकर अमीर तक शीश झुकाने आते हैं और माता रानी से आर्शीवाद लेते हैं। इस मंदिर में जिसने भी सच्चे भाव से अपनी मन्नत मांगी है, उसने देश और राज्य में राज भी किया है। कामनाएं पूरी होने का कारण है कि यह विग्रह श्री चक्रराज यंत्र पर ही प्रकट हुआ था, यह श्री चक्रराज भगवती कामेश्वरी का ही यांत्रिक स्वरूप है।*

---

### कविता

## वो रह गई........






**गुलाब कुमावत खीमेल**
शिक्षक सांचौर


मैंने कही वही बात
जो कहनी थी
पर उसने सुनी वही
जो उसे सुननी थी
बात यहीं से बिगड़ गई
बात यहीं से बिखर गई

मैंने कोशिश की
बिगड़ी बात को
संभालने की
बिखरी बात को
समेटने की
न बात संभली
न समेटी गई
यहीं से बात बिगड़ गई
बिगड़ी भी इतनी की
जो बात कही थी
वो रह गई
जो बात सुनी थी
वो बात फैल गई
जो बात थी
वो रह गई

### शब्दों की सीख




**तारावती सैनी 'नीरज'**
जयपुर


*सेतु स्कूल चला गया लेकिन उसके पापा उसके बारे में सोचने लगे इसके पास तो कई स्वेटर हैं और वह ऐसे कभी किसी चीज के होते हुए लाने की जिद नहीं करता ऊपर से नीला रंग नीला रंग तो उसे कतई पसंद नहीं उस दिन दुकानदार के पास नीले रंग की ही टोपी थी नीले रंग की टोपी लेने से अच्छा उसने न ही लेना बेहतर समझा लेकिन अब वह ऐसा क्यों कर रहा है ?*

# नीला स्वेटर



सर्दियां शुरू हो चुकी हैं पापा मुझे नीले रंग का स्वेटर चाहिए। सेतु ने अपना भारी कहें तो उसके खुद के वजन से कई गुना भारी भरकम बस्ता अपनी पीठ पर लादते हुए कहा। उसके पापा बोले _पर बेटा तुम्हारे पास तो कई स्वेटर हैं । फिर नया स्वेटर लेकर क्या करोगे ? नहीं पापा मुझे तो चाहिए । अच्छा ठीक है इस महीने पैसे आने दो फिर ले आऊंगा। अब तू स्कूल जा।

सेतु स्कूल चला गया । लेकिन उसके पापा उसके बारे में सोचने लगे इसके पास तो कई स्वेटर हैं और वह ऐसे कभी किसी चीज के होते हुए लाने की जिद नहीं करता ऊपर से नीला रंग नीला रंग तो उसे कतई पसंद नहीं उस दिन दुकानदार के पास नीले रंग की ही टोपी थी नीले रंग की टोपी लेने से अच्छा उसने न ही लेना बेहतर समझा लेकिन अब वह ऐसा क्यों कर रहा है ? महीना बीतने को आया सेतु ने अपने पापा से नीले रंग का स्वेटर लाने के लिए फिर कहा। उसके पापा बाजार जाकर उसके लिए नीले रंग का स्वेटर ले आए। वह खुशी से उछलता हुआ उसे पहनकर स्कूल जा ही रहा था उसके पापा की नजर उस स्वेटर पर गई जो उसने उस नीले रंग के नीचे लाल रंग का स्वेटर और पहन रखा था। पर वह कुछ नहीं बोले। और सेतु के स्कूल जाने के कुछ देर बाद ही वह खुद स्कूल पहुंच गए । उन्हें स्कूल में पता चला कि सेतु तो आज स्कूल आया ही नहीं। सेतु के पापा को उसकी अब चिंता हुई वह उसे ढूंढते लोगों से उसके बारे में पूछते हुए कुछ झोंपड़ पट्टी वाले लोगों के यहां पहुंच गए उन्होंने वहां किसी से पूछा तो पता लगा उसका यहां एक कोई दोस्त रहता है उसे बुखार आ रहा है और वह उसे उसका पसंदीदा रंग का स्वेटर देने आया है। यह सुनकर सेतु के पापा कुछ नहीं बोले और वहां से वापस आ गए।

जब शाम को सेतु घर पहुंचा तो उसके पापा ने उससे पूछा_ बेटा स्कूल में सब बढ़िया चल रहा है। सेतु विश्वास पूर्ण बोला_ हां पापा सब बढ़िया चल रहा है। और आज क्या क्या पढ़कर आए हो ? सेतु ने उसी विश्वास के साथ विषयों के कुछ पाठों के बारे में बता दिया। अच्छा , पर तुम्हारा वो नया नीला स्वेटर कहां है तुमने पहन ही नहीं रखा। पापा वो मुझे गर्मी लग गई थी तो मैनें उसे स्कूल में उतारकर रख दिया था आते समय मैं उसे वही भूल आया। कल ले आऊंगा। अच्छा ! लेकिन मैं बताऊं तुम्हारा नीला स्वेटर कहां है ? वह स्कूल में तो है नहीं। यह सुनते ही सेतु का चेहरा पीला पड़ गया और उसके पापा ने उसके दोस्त को वही नीला स्वेटर पहने हुए उसके सामने लाकर खड़ा कर दिया। अब सेतु कुछ नहीं कह सका चुप रहा। पर थोड़ी देर बाद बोला पापा वो कुशल रोज स्कूल में अपनी मां के हाथ का बना खाना लाता था एक दिन मैंने उससे कहा कुशल मुझे भी खिला दे अपनी मां के हाथ का खाना मुझे नहीं पता मां के हाथ से बना खाना कैसा होता है क्योंकि मैंने कभी खाया ही नही मेरी मां नहीं है न इसलिए। यह सुनते ही उसके पापा की आंखें भर आईं। उसकी मां तो उसे जन्म देते ही इस दुनिया से चली गई थी। और जिसकी मां नहीं होती है उसकी कमी वही बता सकता है मां नहीं होने पर हम कितने सुखों से वंचित रह जाते हैं। उस दिन के बाद यह मुझे रोज अपनी मां के हाथ से बना खाना लाता था। मैनें भी सोचा सर्दी शुरू हो चुकी हैं और उसके पास कोई स्वेटर नहीं है मुझे भी इसके बदले उसको कुछ देना चाहिए तो क्यों नही मैं उसे उसके पंसदीदा रंग का स्वेटर दे दूं। उसके पापा बोले पर बेटा यह तो बहुत गलत है खाना तो कुशल की मां बनाती है पसंदीदा रंग का स्वेटर तुमने कुशल को दिया। उन्होंने अपने हाथ में लिए शॉल को आगे बढ़ाते हुए कहा यह लो बेटा यह शॉल कुशल की मां को दे देना। आखिर खाना तो तुम्हें वही बनाती हैं। यह देखकर तो सेतु की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। और वो अपने पापा के गले लग गया।

**पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद** की अगुवाई वाली समिति ने जारी किया नोटिस

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर जनता से 15 जनवरी तक मांगे गए सुझाव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर गठित समिति ने देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव को लेकर जनता से सुझाव मांगे हैं।

उच्चस्तरीय समिति ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर कहा कि 15 जनवरी तक प्राप्त सुझावों पर विचार किया जाएगा। जनता अपने सुझाव समिति की वेबसाइट या फिर ईमेल के जरिए भेज सकती है। समिति का गठन पिछले साल सितंबर में किया गया था और तब से दो बैठकें की गई हैं। हाल में समिति ने राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर देश में एक साथ चुनाव कराने पर उनके विचार मांगे थे। यह पत्र छह राष्ट्रीय दलों, 22 क्षेत्रीय दलों और सात पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को भेजा गया था। समिति ने एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग के विचार भी सुने। विधि आयोग को इस मुद्दे पर दोबारा बुलाया जा सकता है।




### सभी चुनाव एक साथ कराने का यह है उद्देश्य

समिति का उद्देश्य भारत के संविधान और अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत मौजूदा ढांचे को ध्यान में रखते हुए लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के लिए सिफारिशें करना है। इस उद्देश्य के लिए संविधान, जन प्रतिनिधित्व कानून, 1950, जन प्रतिनिधित्व कानून, 1951 और नियमों और अन्य कानूनों में विशेष संशोधनों की सिफारिश करना है, जो एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक होंगी।

### विधि आयोग भी तैयार कर रहा है रिपोर्ट



दूसरी ओर देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर विधि आयोग भी विचार कर रहा है। आयोग एक ही साल में दो चरणों में त्रिस्तरीय चुनाव कराने की संभावना पर विचार कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव हो सकते हैं और दूसरे चरण में, स्थानीय निकाय चुनाव आयोजित किए जा सकते हैं। पूर्व न्यायाधीश रितु राज अवस्थी के नेतृत्व वाला विधि आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव को एक साथ कराने की रिपोर्ट तैयार कर रही है। आयोग ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद के नेतृत्व वाली समिति के 'संदर्भ की शर्तों' को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय चुनावों के साथ स्थानीय निकाय चुनाव को भी शामिल करने के लिए अपने अध्ययन का दायरा बढ़ाया है। अगस्त 2018 में, पिछले विधि आयोग ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा था कि यह देश को लगातार चुनावी मोड में रखने से रोकेगा।

## मायावती पर तंज, चुनाव के बाद उनकी गारंटी कौन लेगा!



**बलिया।** बसपा सुप्रीमो मायावती को विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल करने के प्रयासों के बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने इस पर सवाल करते हुए कहा है कि चुनाव के बाद उनकी गारंटी कौन लेगा? अखिलेश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याया यात्रा में शामिल होने पर कहा कि अभी ये कांग्रेस की यात्रा है और जब सीटों के बंटवार को लेकर फैसला हो जाएगा तो लोग खुद ब खुद यात्रा को समर्थन देने इससे जुडेंगे। अखिलेश यादव ने कहा सपा पूरी जिम्मेदारी से गठबंधन के साथ है। गठबंधन में किसको कहां से चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा,यह बहुत जल्द पता चल जाएगा।

## ईडी ने सोरेन के प्रेस सलाहकार को भी भेजा समन

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय का सीएम हेमंत सोरेन और उनके करीबियों पर शिकंजा कसता जा रहा है। ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू और साहेबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और कंसल्टेंट विनोद सिंह को भी समन भेजा है। अभिषेक प्रसाद को 16 जनवरी को, यादव को11 जनवरी तथा विनोद सिंह को 15 जनवरी को रांची स्थित ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले ईडी की टीम ने 3 को अभिषेक प्रसाद,पिंटू, रामनिवास यादव और विनोद सिंह समेत कई अन्य के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी में नकदी और कई दस्तावेज बरामद किए गए थे। अब इस मामले में सभी आरोपियों को समन जारी किया जा रहा है।अभिषेक प्रसाद और रामनिवास यादव से ईडी पहले भी पूछताछ कर चुकी है।

**महादेव सट्टा** एप का मामला: मुंबई में एक आरोपी अरेस्ट

# ईडी की चार्जशीट में बघेल का नाम, बढ़ेंगी मुश्किलें

**एजेंसी** | नई दिल्ली

महादेव सट्टा ऐप मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी फंसते नजर आ रहे हैं। मीडिया में आई खबरों के अनुसार इस मामले में दायर पूरक आरोप पत्र में बघेल का नाम शामिल किया गया है। यह आरोप पत्र महादेव एप के प्रमोटरों से करीब 508 करोड़ रुपए की रिश्वत लेने के आरोप से संबंधित है। इस बीच, मुंबई क्राइम ब्रांच की एसआईटी ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश कर 11 जनवरी तक पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपी एक बेटिंग एप्लिकेशन का मुख्य संचालक है। उस पर विदेश में डोमेन रजिस्टर करवाकर भारत में बेटिंग ऐप चलाने का आरोप है। महादेव बेटिंग ऐप केस में आरोपी असीम दास के अपने बयान में बघेल का नाम लिया था।

ईडी की तरफ से दाखिल चार्जशीट में असीम दास के अलावा शुभम सोनी, अमित अग्रवाल, रोहित गुलाटी, भीम सिंह के भी नाम दर्ज हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक करीब 1,700-1,800 पन्नों की नई चार्जशीट एक जनवरी को दायर की गई थी, जिसमें पांच लोगों को आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

ईडी के वकील सौरभ पांडे ने बताया कि विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत द्वारा 10 जनवरी को आरोपपत्र पर संज्ञान लेने की उम्मीद है। बता दें कि ऐप के कथित मालिक सोनी ने पहले एक वीडियो बयान और ईडी को एक हलफनामा भेज कर दावा किया था कि ऐप को बिना कानूनी कार्रवाई अपना अवैध कारोबार करने की अनुमति देने के लिए कई नेताओं और उनसे जुड़े व्यक्तियों को दी गई रिश्वत के सबूत हैं।





### दबाव में काम कर रही है ईडी, मेरा नाम राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा

इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी (ईडी)दबाव में काम कर रही है और यह दबाव किसका है, यह सबको मालूम है। उन्होंने कहा कि ईडी लोगों को धमकाकर और मारपीट करके मेरा और मेरे सहयोगियों का नाम लेने का दबाव बना रही है। बघेल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने अपने पूरक आरोप पत्र में जिस तरह से मेरा नाम लिखा है, वह पूरी तरह से राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है। ईडी अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर कूटरचना कर लोगों को गिरफ्तार कर रही है और उनसे दबावपूर्वक मेरे और मेरे सहयोगियों के ख़िलाफ़ बयान दिलवा रही है। इन बयानों में जो पैसों के लेनदेन के आरोप लगाए गए हैं, उनका कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस असीम दास के पास से रुपए बरामद हुए थे, उसने जेल से अपने हस्तलिखित बयान में कह दिया है कि उन्हें भी धोखे में रखकर फंसाया गया है और उन्होंने कभी किसी राजनेता व उनसे जुड़े लोगों को पैसा नहीं पहुंचाया। अब ईडी दावा कर रही है कि उसने यह बयान भी वापस ले लिया है। यह किस दबाव में हो रहा है, उसे सब जानते हैं।

**भाजपा के मोर्चा प्रभारियों की बैठक**

# चुनाव तैयारियों व जनाधार बढ़ाने में जुटेंगे अब मोर्चे

- चुनाव व प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों पर चर्चा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा के विभिन्न मोर्चों के प्रभारियों की नियुक्ति के बाद उनकी अगामी लोकसभा चुनाव में भागीदारी पर मंथन शुरू हो गया है। भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर की प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देशव्यापी अभियान चलाने का कार्यक्रम तैयार किया है। पार्टी के नवनियुक्त मोर्चा प्रभारियों ने शनिवार को दिल्ली में सभी मोर्चों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर प्राण प्रतिष्ठा से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों और पार्टी का जनाधार बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। ज्ञात रहे कि गुरुवार को भाजपा ने ओबीसी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, किसान और युवा मोर्चा के लिए नए प्रभारियों की नियुक्त की घोषणा की थी। सूत्रों के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति में ओबीसी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, किसानों पर खास ध्यान दिया जारहा है। सूत्रों के अनुसार भाजपा ने 10 प्रतिशत नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पार्टी खासतौर पर गरीब वर्गों, युवाओं, महिलाओं और किसानों पर ज्यादा फोकस करने जा रही है। ओबीसी आरक्षण की मांग को कुंद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार यह कह रहे हैं कि उनके लिए देश में सबसे बड़ी चार ही जाति हैं - गरीब,युवा, महिलाएं और किसान और इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा।

### पार्टी ने विभिन्न मोर्चों को यह सौंपी है जिम्मेदारी

ओबीसी, अनूसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति मोर्चों को अपने-अपने वर्ग के गरीबों तक पहुंचने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, महिला मोर्चे को संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण का नारी शक्ति वंदन अधिनियन के तहत प्रविधान किए जाने को लेकर देश की महिलाओं के बीच पहुंचने को कहा गया है। वहीं, एक करोड़ स्वयं सहायता समूहों तक पहुंचने की योजना को अलग से तैयार किया गया है। इन स्वयं सहायता समूहों में अधिकांश सदस्य महिलाएं हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं।

### राम मंदिर दर्शन अभियान की तैयारियां जोरों पर

भाजपा 25 जनवरी से लेकर 25 मार्च तक राम मंदिर दर्शन को लेकर देशभर में बूथ स्तर तक एक अभियान चलाएगी। इसमें पार्टी के विभिन्न मोर्चों की भूमिका पर भी बैठक में विचार किया गया। इस अभियान के तहत पार्टी देश भर से अयोध्या जाने वाले भक्तों की मदद करेगी और उनका स्वागत भी करेगी। पार्टी की तरफ से बूथ स्तर तक कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे जो अपने-अपने बूथ से राम मंदिर के दर्शन के लिए अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को सहयोग करेंगे।

**कांग्रेस:** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को धार

# कांग्रेस की प्रचार समिति गठित अजय माकन होंगे संयोजक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी तैयारियों को धार देते हुए शनिवार को एक प्रचार समिति का गठन किया। पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन इस समिति के संयोजक होंगे और महासचिव जयराम रमेश तथा के. सी. वेणुगोपाल इसके सदस्य बनाए गए हैं।

इसके साथ ही पार्टी ने आम चुनावों के लिए वॉर रूप पदाधिकारी भी नियुक्त किए हैं। पार्टी के एक बयान के अनुसार प्रचार समिति में एआईसीसी प्रशासन प्रभारी



गुरदीप सिंह सप्पल, मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा और सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत को भी शामिल किया गया है। समिति के लिए विशेष आमंत्रित सदस्यों के नाम की घोषणा उनकी सहमति के आधार पर की जाएगी। पार्टी ने चुनावी वॉर रूम के लिए भी पदाधिकारियों की नियुक्ति की है।

बयान में बताया गया है कि कम्युनिकेश वॉर रूम का प्रमुख वैभव वालिया को बनाया गया है, वहीं संगठनात्मक वॉर रूम की जिम्मेदारी शशिकांत सेंथिल एस संभालेंगे। वरुण संतोष, गोकुल बुटेल, नवीन शर्मा और कैप्टन अरविंद कुमार संगठनात्मक वॉर रूम में उपाध्यक्ष होंगे।

**सीटों के बंटवारे पर** तृणमूल कांग्रेस ने दो टूक कहा...

# बात नहीं बनी तो हम अकेले लड़ेंगे चुनाव

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर जारी कांग्रेस व तृणमूल कांग्रेस के बीच जुबानी जंग जारी है। तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि राज्य में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस के लिए उसका दिल खुला है, लेकिन अगर बातचीत विफल रहती है तो वह अकेले चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार हैं। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस राज्य में गठबंधन करने की इच्छुक नजर नहीं आ रही है। लोकसभा में तृणमूल



कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि सीट बंटवारे के बारे में कांग्रेस के स्थानीय नेता क्या सोच रहे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि अंतिम निर्णय दोनों दलों के शीर्ष नेताओं की ओर से लिया जाएगा। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में गठबंधन होगा या नहीं, इसका फैसला सोनिया गांधी और ममता बनर्जी करेंगी। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के बयान के दो दिन बाद आई है।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने 22 सीट, कांग्रेस ने दो सीट और भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में 18 सीट हासिल की थी। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मुर्शिदाबाद जिले की बहरामपुर सीट से जीत दर्ज की थी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासिम खान चौधरी ने पड़ोसी मालदा जिले की मालदा दक्षिण सीट से लगातार तीसरी जीत हासिल की थी।

### टीएमसी का कांग्रेस के लिए चार सीटें छोड़ने पर विचार

तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में गठबंधन के लिए तैयार है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह अकेले भी चुनाव मैदान में उतरने को तैयार है। तृणमूल कांग्रेस राज्य की 42 लोकसभा सीट में से चार सीट कांग्रेस के लिए छोड़ने पर विचार कर रही है।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे**

# संयोजक कौन, यह केबीसी के जैसा सवाल, इस पर जल्द होगा फैसला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगेने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकाल रही है, क्योंकि सरकार ने उसे संसद में मुद्दे उठाने का मौका नहीं दिया। इसके साथ ही उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन इंडिया का संयोजक बनाने के मामले में कहा है कि यह सवाल कौन बनेगा करोड़पति जैसा है, चिंता मत कीजिए अगले 10-15 दिनों में जब हम बैठक करेंगे तो इस पर निर्णय कर लिया जाएगा। खरगे ने शनिवार को यहांपत्रकारों के साथ बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के बुनियादी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित होगी। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं और नागरिक समाज के सदस्यों को भी मार्च में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि 2024 के आम चुनाव से पहले आयोजित की जा रही यात्रा 66 दिनों में 110 जिलों, 100 लोकसभा क्षेत्रों और 337 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, जिसकी शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल से होगी। मणिपुर से महाराष्ट्र तक की यात्रा 14 जनवरी से शुरू होगी और यह 6,713 किलोमीटर



की दूरी तय करेगी। इसमें शामिल लोग बसों से और पैदल यात्रा भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि मणिपुर में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं और प्रधानमंत्री ने अभी तक इस हिंसाग्रस्त राज्य का दौरा नहीं किया है।

### यह भी बोले खरगे

- मणिपुर से महाराष्ट्र तक की न्याय यात्रा 14 से होगी शुरू
- विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता व नागरिक समाज के लोग भी होंगे आमंत्रित
- पीएम ने नहीं किया अभी तक मणिपुर का दौरा

### सभी 545 सीटों पर कर रहे हैं काम

खरगे ने कहा कि कांग्रेस सभी 545 लोकसभा सीटों पर काम कर रही है और उसने सभी सीटों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है, लेकिन कौन सी पार्टी किस सीट पर चुनाव लड़ेगी और कितनी सीटों पर लड़ेगी, इसका फैसला गठबंधन के सभी घटकों के साथ विचार-विमर्श के बाद जल्द ही किया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, उन्होंने कहा, हमने पहले ही सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए संसदीय पर्यवेक्षकों को चुन लिया है। हम प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में जाकर आकलन करेंगे। गठबंधन के नेता बैठेंगे और प्रत्येक राज्य में बातचीत होगी, तो सही संख्या सामने आ जाएगी।

### गठबंधन नेताओं के साथ होंगी 7-8 बैठकें

विपक्षी गठबंधन की अगली बैठक पर उन्होंने कहा कि गठबंधन के लोगों के साथ 7-8 बैठक आयोजित करने का निश्चय किया गया है। जल्द जगह और समय तय कर लिया जाएगा।

### समारोह में शामिल होने पर फैसला जल्द

मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में वह शामिल होंगे या नहीं? इस पर वह बहुत जल्द निर्णय लेंगे। ज्ञात रहे कि खरगे, सोनिया गांधी के अलावा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता मिला है। खरगे ने कहा, मुझे निमंत्रण मिला है। प्रधानमंत्री मोदी के पूर्व प्रधान सचिव ट्रस्ट के सचिव के साथ आए थे और उन्होंने मुझे आमंत्रित किया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पर कांग्रेस शासित राज्य के एक मुख्यमंत्री के बयान के बारे में पूछे जाने पर खरगे ने कहा कि यह व्यक्तिगत आस्था के बारे में है। अगर कोई निमंत्रण है तो आप जा सकते हैं, कोई भी जा सकता है।

## जरूरी खबर

### समुद्र में युद्धपोतों की संख्या बढ़ाएगी भारतीय नौसेना



**नई दिल्ली।** नौसेना एंटी पाइरेसी अभियान के मद्देनजर समुद्र में तैनात युद्धपोतों की संख्या और बढ़ने वाली है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बताया कि फिलहाल नौसेना के छह युद्धपोत तैनात हैं। युद्धपोत की संख्या बढ़ाने के संबंध में सरकार को एक प्रस्ताव सौंपा गया है। जल्द ही प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इस बीच, नौसेना उत्तरी अरब सागर में अपहृत जहाज से चालक दल के सभी 21 लोगों को बचाने के बाद अब लुटेरों की तलाश में जुटी है।

### आप नेता संजय खुद जाकर भर सकेंगे नामांकन



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार किए गए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की एक कोर्ट ने संजय सिंह को आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए खुद जाकर नामांकन भरने की छूट दी है। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को संजय सिंह को फिर से राज्यसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए नामित किया था। इसके अलावा पार्टी ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को राज्यसभा के लिए अपना उम्मीदवार बनाया था।

### OPS को लेकर हड़ताल की तैयारी में कर्मचारी संगठन

**नई दिल्ली।** केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठन, पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस हड़ताल के लिए देश के दो बड़े कर्मचारी संगठन, रेलवे और रक्षा (सिविल) ने अपनी सहमति दी है। स्ट्राइक बैलेट में रेलवे के 11 लाख कर्मियों में से 96 फीसदी कर्मचारी ओपीएस लागू न करने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा रक्षा विभाग के चार लाख कर्मियों में से 97 फीसदी कर्मी हड़ताल के पक्ष में हैं। जनवरी में हड़ताल की तिथि की घोषणा की जाएगी। इससे पहले 8 जनवरी से देशभर के सरकार कर्मचारी, 'रिले हंगर स्ट्राइक' पर बैठेंगे।

## उत्कृष्टता के लिए सम्मान




*नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में शुक्रवार को अयोजित एक समारोह में कॉर्पोरेट क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए दिए जाने वाले आईसीएसआई नेशनल अवॉर्ड प्रदान किए।*

### NIA ने लॉरेंस गैंग के सदस्यों की 4 संपत्तियां की अटैच



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) शनिवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की गैंग के सदस्यों की चार चार संपत्तियों को अटैच किया। इन संपत्तियों में से एक चल और तीन अचल हैं। एनआईए की और से यूएपीए के प्रावधानों के तहत हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में समन्वित छापेमारी में संपत्तियां कुर्क की गईं। एनआईए ने हथियार जब्ती मामले में जम्मू-कश्मीर में एक आवासीय घर को कुर्क किया। एनआईए ने कहा कि उसने पाया कि ये सभी संपत्तियां आतंकवाद की आय हैं, जिनका इस्तेमाल आतंकी साजिश रचने और गंभीर अपराधों को अंजाम देने के लिए किया जाता है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, पंजाब के फाजिल्का के गांव बिशनपुरा और हरियाणा के यमुनानगर से ये संपत्तियां अटैच की गई।

**सूर्य मिशन:** इसरो ने रचा एक और इतिहास

# आदित्य एल1 अपनी तय कक्षा में पहुंचा, अब सूर्य से आमना-सामना

एजेंसी | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) का पहला सूर्य मिशन आदित्य एल-1 शनिवार को लैग्रेंज पॉइंट में दाखिल हो गया। इसके साथ ही इसरो ने नव वर्ष में एक और इतिहास रच दिया। इसरो की इस कामयाबी पर प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दी है। सितंबर 2023 में आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया आदित्य एल1 शनिवार शाम अपनी आखिरी और बेहद जटिल प्रक्रिया से होकर गुजरा।

इसी के साथ आदित्य-एल 1 अंतिम कक्षा में भी स्थापित हो गया। यहां आदित्य एल-1 सूर्य का अध्ययन करेगा और महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाएगा। भारत के इस पहले सूर्य अध्ययन अभियान को



इसरो ने 2 सितंबर को लॉन्च किया था।एल-1 प्वाइंट के पास की कक्षा में स्थापित इस सेटेलाइट से सूर्य को बिना किसी छाया के लगातार देखा जा सकेगा।

आदित्य एल-1 में सात पेलोड हैं। एल-1 पॉइंट से चार पेलोड सीधे सूर्य की ओर होंगे। शेष तीन पेलोड एल-1 पर ही क्षेत्रों का अध्ययन करेंगे। इसरो के एक वैज्ञानिक के अनुसार हेलो ऑर्बिट सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के घूमने के साथ-साथ घूमेगा। इस मिशन का उद्देश्य सौर वातावरण में गतिशीलता, सूर्य के परिमंडल की गर्मी, सूर्य की सतह पर सौर भूकंप, सूर्य के धधकने से जुड़ी गतिविधियों और उनकी विशेषताओं और अंतरिक्ष में मौसम संबंधी समस्याओं को बेहतर ढंग से समझना है।

### भारत ने एक और मील का पत्थर पार किया: प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर ट्वीट किया, भारत ने एक और माइलस्टोन हासिल किया है। भारत की पहली सोलर ओबजर्वेटरी आदित्य-एल 1 अपनी मंजिल तक पहुंच गई। यह सबसे जटिल अंतरिक्ष मिशनों में से एक को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं देशवासियों के साथ इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करता हूं। हम मानवता के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाते रहेंगे।

### क्या है एल-1 पॉइंट

एल-1 पॉइंट के आसपास के क्षेत्र को हेलो ऑर्बिट के रूप में जाना जाता है, जो सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के बीच मौजूद पांच स्थानों में से एक है, जहां दोनों पृथ्वी और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के बीच संतुलन है। मोटे तौर पर ये वे स्थान हैं, जहां दोनों पिंडों की गुरुत्व शक्ति एक दूसरे के प्रति संतुलन बनाती है।

**दवा कंपनियों के लिए** नोटिफिकेशन

## WHO के मानकों का करना होगा पालन

एजेंसी | नई दिल्ली

स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं के उत्पादन से जुड़ा नया नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि अब देश की फार्मास्यूटिकल कंपनियों को दवा बनाने में विश्व स्वास्थ्य संगठन के स्टैंडर्ड का पालन करना होगा। इसके साथ यह भी कहा गया है कि खराब दवाओं को वापस लेने से पहले लाइसेंसिंग अथॉरिटी को सूचित करना होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि दवा को वापस लेने पर दवा कंपनी को यह बताना होगा कि दवा को क्यों रिकॉल किया जा रहा है। उसे इसके बारे में विस्तार से रिपोर्ट सौंपनी होगी। उसे बताना होगा कि दवाओं में ऐसी क्या खराबी थी, जो इसे वापस लेने की जरूरत पड़ी। अभी तक किसी भी दवा को रिकॉल करने से पहले लाइसेंसिंग अथॉरिटी को जानकारी देने का प्रावधान नहीं था।



### छोटी कंपनियां भी होंगी दायरे में

सरकार इस गाइडलाइन से छोटी कंपनियों को भी ग्लोबल स्टैंडर्ड का बनाने की कोशिश कर रही है। इसलिए लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगोंकी कैटेगरी में आने वाली दवा कंपनियों को भी डब्ल्यूएचओ के मैन्युफैक्चरिंग स्टैंडर्ड्स का पालन करने को कहा गया है। ज्ञात रहे कि कई देशों ने शिकायत की थी कि भारत में तैयार कफ सिरप पीने के बाद बच्चों की मौत हुई है।

**बंगाल राशन घोटाला मामला:** ईडी की कार्रवाई जारी

## टीएमसी नेता धरा, एक अन्य के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

एजेंसी | कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय ने पश्चिम बंगाल में कथित राशन वितरण घोटाले के मामले में बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शंकर आध्या को शुक्रवार रात गिरफ्तार कर लिया। ईडी की टीम शुक्रवार से ही आध्या के घर छापेमारी कर रही थी। फिलहाल, ईडी की टीम उसे कोलकाता स्थित ईडी मुख्यालय ले आई है और उससे पूछताछ हो रही है। जबकि एक अन्य अरोपी शाहजहां शेख के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया गया है। शंकर आध्या के घर और ससुराल में शुक्रवार को छापेमारी हुई। शंकर को जब ईडी की टीम गिरफ्तार करने पहुंची थी तो टीएमसी नेता के समर्थकों ने ईडी अफसरों को रोकने की कोशिश की और उनकी गाड़ी पर ईंट-पत्थरों की बरसात कर दी। हालांकि, सीआरपीएफ जवानों की मदद से ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को ईडी ने शाहजहां शेख पर छापा मारा था।

### शाहजहां शेख ने की भागने की कोशिश

सूत्रों के मुताबिक, शाहजहां ने शुक्रवार को बांग्लादेश भागने की कोशिश की थी, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। दरअसल, बांग्लादेश में चुनाव के चलते बीएसएफ एवं बीडीआर की सीमा पर सख्त पहरेदारी है। बीएसएफ को भी शाहजहां के बारे में अलर्ट किया गया है। इसलिए जांच एजेंसियों का मानना है कि शाहजहां और उसका परिवार बंगाल में छिपा हुआ है।

## मोदी की गारंटी पर देश ही नहीं, दुनिया करती है यकीन

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि आज पीएम मोदी की गारंटी ऐसी चीज है, जिस पर ना सिर्फ देश में बल्कि दुनिया में विश्वास किया जाता है। उन्होंने दावा किया कि देश में बीते 10 सालों में बहुत बदलाव आए हैं और अब जब वह विदेश दौरे पर होते हैं तो वहां के लोग देश में आए बदलावों पर बात करना चाहते हैं। जयशंकर ने तिरुवनंतपुरम में केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी की गारंटी का मतलब है कि



गुड गवर्नेंस, जनकेंद्रित नीतियां। इसका मतलब है कि अगर कोई विदेश में मुश्किल में होगा, चाहे वो सऊदी अरब में हो, संयुक्त अरब अमीरात में हो या यूक्रेन में फंसे छात्र हों, पीएम मोदी उनके लिए वहां भी हैं। बीते 10 सालों में यह बड़ा बदलाव आया है।

## गुरुकुल का शिलान्यास



***हरिद्वार।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तराखंड के हरिद्वार में शनिवार को स्वामी दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय में गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम का शिलान्यास किया।*

**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह**

# प्रभु श्रीराम के ससुराल जनकपुर से 'भार यात्रा' पहुंची अवधपुरी

एजेंसी | अयोध्या

पवित्र नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा से पहले राम की ससुराल नेपाल के जनकपुर धाम से 'भार यात्रा' शुरू होकर शनिवार तड़के अयोध्या पहुंच गई। शुक्रवार को यात्रा ने नेपाल के बीरगंज से निकल कर भारत की सीमा में प्रवेश किया।

जिसका जगह-जगह पुष्पों से स्वागत किया गया। भार यात्रा पहुंचने पर रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि भारत-नेपाल के संबंध त्रेतायुग से हैं। चंपत राय ने कहा कि मिथिला संस्कृति में विवाह



के बाद जब बेटी का गृह प्रवेश ससुराल में होता है तो उसे सौगात (भार) भेजी जाती है। इसी परंपरा को निभाते हुए जनकपुर से भार यात्रा शुरू हुई, जोकि बिहार के मिथिला होते हुए शनिवार तड़के तीन बजे अयोध्या पहुंची। भेंट यानी भार को करीब 500 लोग लेकर पहुंचे हैं। चंपत राय ने भेंट यानी भार को स्वीकार किया। ज्ञात रहे कि अयोध्या में इन दिनों राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर जारी हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार रोड और हवाई मार्ग पर फोकस कर रही है। अयोध्या के लिए शुरू हो गई है।

### 1111 शंख वादन का बनेगा विश्व रिकॉर्ड

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अयोध्या में 25 पौराणिक स्थलों व चौराहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से पूरे माहौल को राममय बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही श्रीराम जन्मभूमि में 1111 शंखों का वादन करते हुए विश्व रिकॉर्ड किया जाना प्रस्तावित है। गत दिनों लखनऊ में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण, कीर्तन, रामचरित मानस के पाठ के आयोजन कराने के निर्देश दिए थे। अयोध्या में विभिन्न स्थानों पर 14 जनवरी से 24 मार्च तक भजन-कीर्तन, रामायण-रामचरित मानस पाठ, सुंदरकांड आदि कार्यक्रम के आयोजन पर भी जोर है।

### 430 शहरों से चलेंगी 72 ट्रेनें

नई दिल्ली। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक सफर कराने के लिए भारतीय रेलवे ने खास तैयारी की है। रेलवे अयोध्या के लिए कई नई ट्रेनें शुरू करने जा रहा है। इसमें एसी से लेकर स्लीपर और जनरल सभी श्रेणी की ट्रेनें शामिल होंगी। आने वाले कुछ दिनों में रेलवे अयोध्या की ओर जाने वाली नई ट्रेनों का शेड्यूल जारी कर सकता है। मौजूदा समय अयोध्या के लिए 35 ट्रेनों का संचालन हो रहा है। इसमें रोजाना चलने वाली ट्रेनों के अलावा साप्ताहिक ट्रेनें भी शामिल हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

- 16 जनवरी से राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अनुष्ठान होंगे शुरू
- 18 जनवरी की दोपहर रामलला की चयनित प्रतिमा को गर्भगृह में बने आसन पर किया जाएगा स्थापित
- चंपत राय के अनुसार प्रतिमा की ऊंचाई 51 इंच की है और यह डेढ़ टन वजनी है।
- प्रतिमा श्यामल पत्थर की है। दुग्ध और जल के स्नान से प्रतिमा पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा

### आर्ट ऑफ ड्रीम्स विद साइलेंस: दीपाली और छवि की 30 कलाकृतियां कर रहीं आकर्षित

# शारीरिक कमजोरी को मेहनत और लगन से बनाया खुद की ताकत

बेधड़क.जयपुर। प्रकृति द्वारा छोड़ी कमी, सुनने व बोलने की अक्षमता भी उनके हौसलों को नहीं डिगा पाई और कला का रंग निखर ही गया। हर कोई उनकी कला को देखकर एकाएक रुक सा जाता है। हौसलों का यह उत्सव इन दिनों जवाहर कला केंद्र में मनाया जा रहा है। जहां दी आर्ट ऑफ ड्रीम्स विद साइलेंस शीर्षक से प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। सुकृति कला दीर्घा में कलाकार दीपाली शर्मा और छवि शर्मा की तूलिका से सृजित 30 कलाकृतियां प्रदर्शित हैं, जो अपनी कहानी स्वयं बयां कर रही हैं। कला प्रेमियों के लिए ये प्रदर्शनी 7 से 9 जनवरी तक सुबह 11 से शाम 7 बजे तक नि:शुल्क ओपन रहेगी, जहां इनकी कला का परिचय आमजन को होगा।



### गोल्ड और सिल्वर मेडलिस्ट हैं दोनों आर्टिस्ट

दीपाली और छवि दोनों ही ऐसी कलाकार हैं, जिन्होंने प्रकृति द्वारा प्रदत्त कमी यानी सुनने-बोलने की अक्षमता को अपनी लग्न, निष्ठा व कला के प्रति समर्पण से सफलताओं में परिवर्तित कर दिया। सभी बाधाओं व अवरोधों को पार करते हुए सामान्य शिक्षण संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करते हुए छवि ने जहां स्नातकोत्तर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं दीपाली ने रजत पदक के साथ परीक्षा सफलतापूर्वक पास की।






### देश-विदेश में दिखाई अपनी कला

कला गुरु राम सिंह आर्टिस्ट और गुरु पूनम माथुर के सानिध्य में दीपाली की कलाकृतियों में सर्रियल आर्ट की परिकल्पना और स्वप्न भरे दृश्यों का साकार रूप तो छवि क्यूबिस्म आर्ट को रचनाओं में प्रतिनिधित्व देती प्रतीत होती है। इन्होंने कला को देश में तो प्रदर्शित किया है, साथ ही विभिन्न देशों न्यूयॉर्क, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, दुबई, नीदरलैंड में भी प्रतिभागिता की है।

## मंत्री जोराराम का किया सम्मान



बेधड़क. जयपुर। मंत्री जोराराम कुमावत का इंदौर के समाजसेवियों ने सम्मान किया। कुमावत सहकारी सांख संस्था इंदौर के अध्यक्ष समाज सेवी जितेन्द्र वर्मा कुमावत, विनीत वर्मा और संजय कुमावत ने मंत्री से मुलाकात कर कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी। जितेंद्र ने मंत्री जोराराम से समाज के उत्थान और समाज के मुद्दों पर विशेष बातचीत की। समाज के युवाओं और महिलाओं को रोजगार पर चर्चा की गई। साथ ही वर्मा ने मंत्री जोराराम को इंदौर आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि इंदौर में भी कुमावत समाज मंत्री बनाए जाने से खुशी की लहर है।

## अयोध्या से आए पीले चावल बांटे



बेधड़क. जयपुर। राम भक्तों ने जयपुर की चित्रकूट कॉलोनी में अयोध्या से आए पीले चावल बांटे। टोली ने भजनों व प्रभु श्रीराम के जय घोष के साथ पीले चावल, निमंत्रण पत्रिका व प्रभु श्रीराम मंदिर का चित्र परिवार जनों को भेंट किया। परिवार जनों ने फूलों से स्वागत किया। इस मौके पर सभी बंधु व मातृशक्ति पीले वस्त्र धारण करके आए। चावल बांटने वाली टोली में श्रीकांत गुप्ता, निर्मल सैनी, सुनील जैन, प्रहलाद शर्मा, राजकुमार शर्मा, मंजू सिंह, मधु गुप्ता, आशा जैन, नीतू अग्रवाल, विजय शर्मा, सविता आदि शामिल रहे।

## चलाया सफाई अभियान



बेधड़क. जयपुर। स्वच्छ भारत अभियान के तहत सांगानेर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 83 में दादू दयाल नगर के सेन्ट्रल पार्क में सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड संयोजक जीतू बना, प्रदेश मीडिया से मुकेश भारद्वाज, प्रदेश संयोजक साहित्य कमलेश टाक, शहर मंत्री जया गौड़, युवा मोर्चा से विजय मीणा, कालू मीणा, राजेंद्र बेनीवाल, डॉ. महेंद्र सोलेट, सिद्धार्थ तोंदवाल, गोविंद मीणा, राजेश सिंघल व अन्य कई कार्यकर्ता इस दौरान मौजूद रहे।

## City इवेंट्स

### चैत्य सागर-सौरभ सागर का मिलन



बेधड़क. जयपुर। दिगंबर जैन आचार्य चैत्य सागर महाराज व आचार्य सौरभ सागर महाराज ससंघ का शनिवार को भव्य मिलन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में जैन बंधु शामिल हुए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि आचार्य सौरभ सागर महाराज शास्त्री नगर जैन मंदिर से मंगल विहार करते हुए बड़ी चौपड़ पर हवामहल के बाहर पहुंचे, जहां आचार्य चैत्य सागर महाराज ससंघ ने उनकी अगवानी की तथा दोनों संघों का जयकारों के बीच मंगल मिलन हुआ। दोनों आचार्य संघ जुलूस के साथ रवाना होकर ख्वासजी का रास्ता स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सोनियान में मंगल प्रवेश किया। जहां मंदिर दर्शन के बाद आयोजित धर्म सभा में प्रवचन किए।

### स्थापना दिवस पर बांटी खुशियां



बेधड़क. जयपुर। यूको बैंक शाखा जीएसआई झालाना डूंगरी में बैंक का 82वां स्थापना दिवस मनाया गया। बैंक के जोनल ऑफिस से चीफ मैनेजर प्रकाश शर्मा, मुख्य अथिति सतीश देपाल (एचओडी दूरदर्शन), जीएल वर्मा (महासचिव डॉ. अम्बेडकर सोसायटी) और डीएन सकरवाल (कोषाध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर सोसायटी) ने केक काटकर स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। प्रिया शर्मा ने ग्राहकों का स्वागत किया और बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्य प्रबंधक प्रकाश शर्मा ने बताया कि स्थापना दिवस पर सबने मिलकर खुशियां बांटी।

### बालाजी को पौषबड़ों का भोग



बेधड़क. जयपुर। किशनपोल बाजार, सौंखियों का रास्ता स्थित बिहारीजी के मंदिर में जयपुराइट्स ने पौषबड़ों का आनंद लिया। इस दौरान दोपहर 12 बजे से 108 भक्तों ने सुंदरकांड के पाठ किए तो 108 थालियों के साथ महाआरती देखने लायक थी। इसके बाद शाम 5 बजे से हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

### लघु उपन्यास स्मृति कोश का लोकार्पण

## पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संवेदनशील समाज की जरूरत




बेधड़क | जयपुर

'आधी आबादी के राग-विराग संदर्भ राजस्थान' व प्रेम कृष्ण शर्मा के लघु उपन्यास 'स्मृति कोश' का लोकार्पण पूर्व कुलपति कोटा विश्व विद्यालय, पूर्व चेयरमैन राजस्थान लोक सेवा आयोग प्रो. बीएम शर्मा व पूर्व अध्यक्ष राजस्थान महिला आयोग प्रो. लाडकुमारी जैन ने किया। जैन ने कहा कि एक और अन्तरीप पत्रिका के इस विशेषांक ने राजस्थान की महिला रचनाकारों को एक मंच पर लाने का प्रथम प्रयास किया है जो स्तुत्य है। ऐसे प्रयासों की जरूरत है। मुख्य अतिथि प्रो बीएम शर्मा ने उपन्यास के संदर्भ में कहा कि यह उपन्यास वंचितों व पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए संवेदनशील समाज की आवश्यकता पर बल देता है।

नई पीढ़ी को संवेदनशील बनाए जाने की जरूरत है। वहीं, प्रलेस की महासचिव रजनी मोरवाल का कहना था कि महिलाएं पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए लेखन कर रही हैं। अन्तरीप पत्रिका ने उनके लेखकीय संघर्ष को स्थान देकर ऐतिहासिक कार्य किया है। कार्यक्रम संयोजक व पत्रिका के संपादक डॉ. अजय अनुरागी ने विशेषांक की सीमाओं व समस्याओं को स्पष्ट करते हुए बचे हुए महिला लेखन के लिए एक अन्य विशेषांक की आवश्यकता प्रकट की। प्रधान संपादक प्रेम कृष्ण शर्मा ने अपनी रचना प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।

### इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन

## हमारे मन को ब्रह्मांड की श्रेष्ठ शक्ति से जोड़ देते हैं सद्गुरु




बेधड़क | जयपुर

संत निरंकारी मंडल जोन 20 बी जयपुर में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन किया गया। शनिवार दोपहर 12 से 3 बजे तक कार्यक्रम में जयपुर के आसपास के सभी ब्रांचों ने भाग लिया।

सत्संग की अध्यक्षता करते हुए संत निरंकारी मंडल केंद्रीय प्रचारक भावेश चेलानी ने कहा कि भाषा चाहे कोई भी हो, यदि प्रेम की भाषा है तो वह एक होती है। सद्गुरु संसार की भलाई, आपसी प्रेम और प्यार के लिए ही जन्म लेते हैं। वे अनेक प्रकार से बच्चों, युवाओं, बड़ों के स्वभाव और जीवन को सत्संग व आध्यात्मिक ज्ञान से सवार रहे हैं। यह इंग्लिश मीडियम समागम भी उसी का एक हिस्सा है। सद्गुरु हमारे मन को परमात्मा से जोड़कर ब्रह्मांड की सर्वश्रेष्ठ शक्ति से जोड़ देते हैं। आत्मा हमारे अंदर विराजमान है, उसका श्रोत परमात्मा है। कार्यक्रम में अनेक युवा भाई बहिनों ने इंग्लिश में विचार, गीत, नाट्य और कवि सम्मेलन जैसे करीब 28 कार्यक्रमों से सद्गुरु माता सुदीक्षाजी महाराज द्वारा मानव कल्याण की भावना को भक्तजनों तक पहुंचाने का प्रयास किया। जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भावेश चेलानी का स्वागत किया। ब्रांच मुखी राजकुमार कुंदनानी ने धन्यवाद दिया तो जोन सत्संग इंचार्ज ज्योति अरोड़ा ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव | 22 जनवरी को होगा आयोजन, आदमकद रूप में दिखेंगे भगवान राम

# अयोध्या बनेगा अलबर्ट हॉल, सवा लाख दीपक जलेंगे

बेधड़क | जयपुर

जयपुराइट्स को गुलाबी नगरी में ही अयोध्या के दर्शन होंगे। साथ ही श्रीराम की विशालकाय मूर्ति लुभाएगी तो लाखों घी के दीयों से शहर रोशन हो उठेगा। इसकी तैयारी इन दिनों जयपुर में की जा रही है, जिसमें समाज सेवकों के साथ-साथ ही व्यापारी वर्ग जुड़ गया है।



अब 22 जनवरी को जयपुर के अलबर्ट हॉल पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के तहत श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट, जयपुर नगर निगम ग्रेटर और जयपुर व्यापार महासंघ के सहयोग से अल्बर्ट हॉल पर 1 लाख 11 हजार दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे। कार्यक्रम का पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष श्रीधर्म फाउंडेशन ट्रस्ट (रजि) सुधीर जैन गोधा, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, सलाहकार सुभाष गोयल अध्यक्ष, व्यापार महासंघ सलाहकार जे. डी माहेश्वरी (शकुन ग्रुप), गब्बर कटारा आदि मौजूद रहे।

### भजनों की स्वर लहरियों से गूंजेगा आसमां

इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भजन सत्संग व प्रभु श्रीराम की महाआरती का आयोजन जाएगा। कार्यक्रम देश के प्रमुख साधु-संतों व महंतों के सानिध्य में राजस्थान के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, महापौर और सर्व समाज के नागरिकों की उपस्थिति में रामलला की महाआरती भी होगी। कार्यक्रम में लगभग लाखों प्रभु श्रीराम भक्त आएंगे।

### ड्रोन व लेजर शो होंगे आकर्षण

विशेष आकर्षण के तौर पर मंदिर के साथ ड्रोन व लेजर शो किया जाएगा। न्यू गेट से मुख्य मंच तक पुष्प वर्षा के साथ प्रभु श्री राम की रथ यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मार्ग में संभवत: हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा होगी। कार्यक्रम के अंत में आतिशबाजी खास होगी। रामनिवास बाग में राम द्वार लक्ष्मण द्वार, भरत द्वार और हनुमान द्वार व प्रमुख मार्ग भक्ति मार्ग और श्रद्धा मार्ग होंगे। अल्बर्ट हॉल पर प्रभु श्रीराम तल्ला का 35 फीट ऊंचा मंदिर कलकत्ता के विशेषज्ञ कारीगर सजाएंगे।


दरिद्रता सब पापों की जननी है तथा लोभ उसकी सबसे बड़ी संतान है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## 16,000 फीट ऊंचाई पर खुला दरवाजा, एयरलाइंस ने बोइंग विमानों पर लगाई रोक





**पोर्टलैंड।** अलास्का एयरलाइंस ने शुक्रवार देर रात अपने सभी बोइंग 737-9 विमानों को रोक लगा दी है। एक विमान के दरवाजे के हवा में खुल जाने के बाद ये एक्शन लिया गया है। हादसे के बाद फ्लाइट की पोर्टलैंड में आपात लैंडिंग करवानी पड़ी थी। बता दें कि यह घटना उड़ान भरने के तुरंत बाद हुई और दरवाजा खुलने के कारण केबिन में दबाव कम हो गया। उड़ान डेटा से पता चला कि पोर्टलैंड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लौटने से पहले विमान 16,000 फीट तक पहुंच गया था। तभी अचानक फ्लाइट का दरवाजा हवा में उड़ गया। एयरलाइन ने कहा कि विमान को उसमें सवार 174 यात्रियों और छह चालक दल के सदस्यों के साथ सुरक्षित रूप से लैंड करा लिया गया है। एयरलाइंस के सीईओ बेन मिनिकुची ने कहा कि फ्लाइट 1282 में आज हुई घटना के बाद सभी 65 बोइंग 737-9 विमानों के अपने बेड़े को अस्थायी रूप से बंद करने का एहतियाती कदम उठाने का फैसला किया गया है।

### जापान: मृतकों की संख्या पहुंची 126

# मलबे में अपनों को ढूंढ रहे लोग



**एजेंसी** | टोक्यों

पांच दिन पहले जापान में आए भीषण भूकंप के कारण मृतकों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ताजा जानकारी के अनुसार, विनाशकारी भूकंप के बाद मरने वालों की संख्या 126 हो गई है। राहत और बचावकर्मी अब भी मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग आठ वर्षों में जापान ने सबसे घातक भूकंप का सामना किया, जिससे देश के कई हिस्सों में स्थिति बेहद खराब है। बहुत सारे ऐसे लोग हैं, जो अपनों को मलबों में खोजने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि 200 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। जापान के पश्चिमी तट पर नए साल के दिन 7।6 तीव्रता के भूकंप ने बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया।

### जंग के बाद सात हजार से ज्यादा लोग लापता

# गाजा में 22,770 मौतें

## हिजबुल्लाह भी कर रहा इजराइल पर हमले

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल हमास के बीच जारी जंग को करीब तीन महीने होने को है। हालांकि यह संघर्ष थमता नहीं दिख रहा है। अब तक इस युद्ध के कारण सिर्फ गाजा में 22 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटों में गाजा में इजराइली सैन्य हमलों में 122 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है और 256 अन्य लोग घायल हो गए हैं। हमास द्वारा संचालित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि 7 अक्टूबर को इजराइल के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से घिरे फिलिस्तीनी क्षेत्र में कम से कम 22,722 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि गाजा पट्टी में लगभग तीन महीने की लड़ाई में कुल 58,166 लोग घायल हुए हैं। इसके साथ ही सात हजार से अधिक फिलिस्तीनी अभी भी लापता हैं। बता दें कि इजराइल फिलहाल कई मोर्चों पर जंग लड़ रहा है। हमास के साथ ही लेबनानी संगठन हिजबुल्लाह भी इजराइल पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, बेरूत में सालेह अल-अरौरी की हत्या के बदले में, हिजबुल्लाह ने इजराइली हवाई अड्डे पर 62 रॉकेट दागे हैं।



### इजराइल ने गाजा में अभियान किया तेज

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसे गाजा शहर में कसम ब्रिगेड के हथियार और सैन्य जैकेट मिले हैं। एक्स पर एक पोस्ट में, सेना ने कहा कि जैकेट संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के बैग में छिपे हुए पाए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली सेनाएं मध्य गाजा के जवैदा में टैंकों, बख्तरबंद वाहनों और हमलावर ड्रोनों के साथ अभियान तेज कर रही हैं। खान यूनिस में एक घर को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में कम से कम 18 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

### पाकिस्तान: राजनीतिक दलों ने कहा- तारीख में बदलाव स्वीकार नहीं

# आम चुनाव 8 फरवरी के बाद कराने का प्रस्ताव

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में निर्वाचन आयोग आठ फरवरी को आम चुनाव कराने का एलान कर चुका है। हालांकि, इसी बीच सीनेट में एक प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसमें आठ फरवरी के बाद चुनाव कराने की बात कही गई है।



अब कयास लगाए जा रहे हैं कि सीनेट से प्रस्ताव पारित होने के बाद निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीख में बदलाव कर सकता है। हालांकि, देश की बड़ी राजनीतिक पार्टियों ने अप्रत्याशित एकजुटता दिखाते हुए आम चुनाव न टालने की अपील की है।

सीनेट में चुनाव आठ फरवरी के बाद कराने का प्रस्ताव पारित होने के बाद अधिकांश राजनीतिक दलों ने दो टूक कहा है कि चुनाव पहले से निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक 8 फरवरी को ही कराए जाएं। इन दलों का कहना है कि चुनाव की तारीख में बदलाव उन्हें मंजूर नहीं है। स्वतंत्र सीनेटर दिलावर खान की तरफ से पेश प्रस्ताव में कहा गया कि आठ फरवरी के आस-पास कड़ाके की ठंड होती है। देश में सुरक्षा को लेकर भी कई चिंताएं हैं। ऐसे में चुनाव आठ फरवरी के बाद कराना चाहिए। उन्होंने चुनाव में कम भागीदारी की आशंका भी जताई।

## ईरान में महिला को 74 मारे कोड़े

**तेहरान।** ईरान में हिजाब पहनने से मना करने पर एक महिला इस्लामिक गणराज्य की अदालत के आदेश के अनुसार 74 कोड़े मारे गए। पीड़िता की पहचान रोया हेशमती के रूप में हुई है। हिजाब की मुखर आलोचक रोया हेशमती ने हिजाब के बिना अदालत कक्ष में प्रवेश किया और बिना ढके कोड़े खाने के अपने अधिकार का दावा किया।

# चुनाव से पहले बांग्लादेश में हिंसा

**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश में रविवार को आम चुनाव के लिए मतदान से पहले हिंसा और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। शुक्रवार को बांग्लादेश में एक ट्रेन में आग लगा दी गई थी, जिसमें पांच लोगों की जान चली गई थी। इसके ठीक एक दिन बाद शनिवार को आगामी चुनावों के लिए मतदान केंद्र बनाए गए कम से कम दो स्कूलों में अज्ञात व्यक्तियों ने आग लगा दी। हालांकि अब तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन दूसरी एक अन्य घटना में शनिवार तड़के राजबाड़ी जिले के बलियाकांडी में एक मतदान केंद्र पर ड्यूटी पर तैनात ग्राम पुलिस के एक सदस्य की 'दम घुटने से मौत' हो गई। मृतक की पहचान रंजीत कुमार डे के रूप में की गई। वह चार अरकंडी सरकारी प्राथमिक विद्यालय के रात्रि गार्ड मोहम्मद यूसुफ के साथ सुरक्षा कर रहे थे। चुनाव से पहले 16 घंटे में कुल 14 आगजनी की घटनाएं हुई हैं। गौरतलब है कि बांग्लादेश में रविवार को आम चुनाव है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) चुनाव का बहिष्कार कर रही है।

### चीन के न्यूक्लियर साइंटिस्ट ने की तैयार

# कैंसर का इलाज करेगी एक्स-रे मशीन

**एजेंसी** | बीजंग

चीन के न्यूक्लियर साइंटिस्ट के एक ग्रुप ने ऐसी एक्स-रे मशीन तैयार की है जिसका इस्तेमाल कैंसर के इलाज में किया जाएगा। यह एक पावरफुल रेडिएशन सिस्टम है जो ट्यूमर को खत्म करने में मदद करेगा।

वैज्ञानिकों ने इसे फ्लैश नाम दिया है। यह कैंसर के इलाज में हाई एनर्जी रेडिएशन उपलब्ध कराएगा। वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि नया सिस्टम पारंपरिक रेडियोथेरेपी के प्रति मिनट 0.5 से 20Gy से कहीं अधिक रेडिएशन पैदा करता है। यह कैंसर ट्रीटमेंट में क्रांति ला सकता है।

चाइनीज एकेडमिक जर्नल में पब्लिश रिसर्च कहती है, नई फ्लैश तकनीक कैंसर के ट्यूमर को अधिक प्रभावी ढंग से खत्म करने में सक्षम है। इसके साथ ही यह रेडियोथेरेपी से परेशान करने वाले दुष्प्रभावों का खतरा भी कम करती है। इसे सिचुआल प्रांत की चाइना एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग फिजिक्स और नॉर्थईस्टर्न चीन की हरबिन इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने तैयार किया है।



### ट्रायल में दिखा सकारात्मक असर

वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले एक दशक में हुए ट्रायल में सामने आया है कि अल्ट्रा आई रेडिएशन डोज से कैंसर के ट्यूमर पर सकारात्मक असर दिखाई देता है। ट्रीटमेंट के दौरान रेडिएशन की लिमिट को बढ़ाया जा सकता है। इससे ट्यूमर को जल्दी खत्म किया जा सकेगा। नया एक्सरे 'फ्लैश' रेडियोथैरेपी टेक्नोलॉजी का बहुत खास हिस्सा है, जिसे वैज्ञानिकों, क्लीनिशियन और इंजीनियर्स ने मिलकर तैयार किया है।

### असरदार साबित होगा नया सिस्टम

नया सिस्टम कैंसर के इलाज में कैसे असरदार साबित होगा। अब नए रेडिएशन सिस्टम की मदद से सामान्य टिश्यूज को बिना नुकसान पहुंचाए ट्यूमर तक ज्यादा पावरफुल रेडिएशन पहुंचाया जा सकेगा। इस तरह इलाज को बेहतर बनाया जा सकता है। हुनान प्रांत की सेंट्रल साउथ यूनिवर्सिटी के कैंसर विशेषज्ञ झयांग यिनगिंग कहते हैं कि हम जानते हैं कि इंसान के स्वस्थ टिश्यू तक कितना रेडिएशन देना सुरक्षित होता है। यही बात हमे इलाज को बेहतर बनाने से रोकती है और हम रेडिएशन को बढ़ा नहीं पाते। अब नया रेडिएशन सिस्टम इसी कमजोरी को खत्म करेगा।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl